- विनीत नारायण एवं अन्य बनाम भारत संघ (1997) निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने CVC की अग्रणी भूमिका के बारे में निर्देश जारी किये।
    - इस निर्णय में न्यायालय ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) की भूमिका की आलोचना करते हुए यह निर्देश दिया था कि CVC को CBI के ऊपर एक पर्यवेक्षी भूमिका सौंपी जानी चाहिये।
- केंद्र सरकार वर्ष 1998 में एक अध्यादेश लेकर आई जिसमें CVC को सांविधिक दर्जा दिया गया और उसे दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन के कार्यकलाप के अधीक्षण की शक्ति दी गई। इसके साथ ही उसे भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत हुए अपराधों के मामले में अन्वेषण की प्रगति की समीक्षा करने की शक्ति भी दी गई।
- बाद में वर्ष 2003 में केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम (The Central Vigilance Commission Act) लाकर आयोग के सांविधिक दर्जे की पुष्टि कर दी गई।
    - CVC अधिनियम, 2003 के अधिनियमित होने के बाद आयोग एक बहु सदस्यीय निकाय बन गया जिसमें एक केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (अध्यक्ष) और अधिकतम दो सतर्कता आयुक्त (सदस्य) शामिल हैं। इन्हें राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।
- वर्ष 2003 में एक मुखबिर/सचेतक श्री सत्येंद्र दुबे की हत्या पर दायर रिट याचिका की सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया कि जब तक एक विधान का निर्माण नहीं कर लिया जाता तब तक के लिये मुखबिरों की सूचना पर कार्रवाई हेतु एक तंत्र का निर्माण किया जाए।
    - इस संकल्प को लोकप्रिय रूप से 'व्हिसल ब्लोअर्स रेजोल्यूशन' (Whistle Blowers Resolution) के रूप में जाना जाता है। इसने भ्रष्टाचार या पद के दुरुपयोग के संबंध में कोई भी आरोप या शिकायत प्राप्त करने और उस पर कार्रवाई करने वाली एजेंसी के रूप में केंद्रीय सतर्कता आयोग को नामित किया है।
    - PIDPI संकल्प के तहत शिकायत दर्ज कराते समय शिकायतकर्त्ता की पहचान गुप्त रखने की ज़िम्मेदारी आयोग को सौंपी गई है ताकि सूचना प्रदाता को किसी भी प्रकार के उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान की जा सके।
    - इस निर्देश का अनुसरण करते हुए भारत सरकार ने सार्वजनिक हित प्रकटीकरण और सूचना प्रदाता संरक्षण संकल्प (Public Interest Disclosure and Protection of Informers Resolution- PIDPI), 2004 को अधिसूचित किया:

- सार्वजनिक हित प्रकटीकरण और सूचना प्रदाता संरक्षण (Public Interest Disclosure and Protection to Person Making the Disclosures- PIDPPMD) विधेयक 2010 का नाम बदलकर सूचना प्रदाता संरक्षण विधेयक/व्हिसल ब्लोअर्स संरक्षण विधेयक (Whistle Blowers' Protection Bill), 2011 किया गया और संसद से पारित होने के बाद इसे सूचना प्रदाता संरक्षण अधिनियम, 2014 (Whistleblowers' Protection Act, 2014) के रूप में लागू किया गया।
- बाद के अन्य अध्यादेशों और विधानों के माध्यम से सरकार ने आयोग के कार्यों और शक्तियों में वृद्धि की है।
- वर्ष 2013 में संसद ने लोकपाल एवं लोकायुक्त अधिनियम (Lokpal and Lokayuktas Act), 2013 को अधिनियमित किया।
    - इस अधिनियम ने CVC अधिनियम, 2003 में संशोधन किया जिसके तहत आयोग को लोकपाल द्वारा संदर्भित शिकायतों की प्रारंभिक पूछताछ और आगे के अन्वेषण का अधिकार दिया गया है।

- CVC अधिनियम और लोकपाल एवं लोकायुक्त अधिनियम के बीच क्षेत्राधिकार के अधिव्यापी/ओवरलैप होने के मुद्दे पर लोकपाल एवं लोकायुक्त तथा अन्य संबंधी विधि (संशोधन) विधेयक, 2014 के परीक्षण के दौरान आयोग ने कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय संबंधी समिति (स्थायी समिति) को अपने सुझावों से अवगत कराया था।

प्रशासन

- केंद्रीय सतर्कता आयोग के पास स्वयं का सचिवालय, मुख्य तकनीकी परीक्षक खंड (CTE) और विभागीय जाँच आयुक्त खंड (CDI) है। अन्वेषण कार्य के लिये CVC को दो बाहरी स्रोतों, CBI और मुख्य सतर्कता अधिकारियों (CVO) पर निर्भर रहना पड़ता है।

संरचना

- इस बहु-सदस्यीय आयोग में एक केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (अध्यक्ष) और अधिकतम दो सतर्कता आयुक्त (सदस्य) शामिल होते हैं।
- केंद्रीय सतर्कता आयुक्त और सतर्कता आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सिफारिश पर की जाती है जिसमें प्रधानमंत्री (अध्यक्ष), गृह मंत्री (सदस्य) और लोकसभा में विपक्ष के नेता (सदस्य) शामिल होते हैं।
- केंद्रीय सतर्कता आयुक्त और सतर्कता आयुक्तों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से चार वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो होता है।

सचिवालय

- CVC के सचिवालय में अपर सचिव स्तर का एक सचिव, संयुक्त सचिव स्तर के चार अधिकारी, निदेशक/उप सचिव स्तर के तीस अधिकारी (दो विशेष कार्य अधिकारियों सहित), चार अवर सचिव और कार्यालय कर्मचारी शामिल होते हैं।

विभागीय जाँच आयुक्त

(Commissioners for Departmental Inquiries- CDIs)

- आयोग में विभागीय जाँच आयुक्त के कुल 14 पद हैं जिसमें से 11 निदेशक स्तर के पद हैं और 3 उपसचिव स्तर के पद हैं।
- CDIs लोकसेवकों के विरुद्ध शुरू की गई विभागीय कार्यवाही में मौखिक पूछताछ के लिये पूछताछ अधिकारियों के रूप में कार्य करते हैं।

इंटीग्रिटी इंडेक्स डेवलपमेंट

(Integrity Index Development- IID)

- IID सार्वजनिक संगठनों के पारदर्शी, उत्तरदायी और कुशल शासन को दर्शाता है।
- CVC ने भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद को एक अनुसंधान-आधारित दृष्टिकोण अपनाते हुए एक इंटीग्रिटी इंडेक्स के निर्माण का कार्य सौंपा है। इसका उपयोग विभिन्न संगठन स्वयं के मूल्यांकन के लिये करेंगे और बदलती आवश्यकताओं के साथ इसका विकास होता जाएगा।

बाह्य एजेंसियों के माध्यम से CVC का अन्वेषण

- CVC के पास स्वयं की अन्वेषण शाखा नहीं है और यह अन्वेषण के लिये CBI और CVO पर निर्भर है, जबकि CBI के पास स्वयं की अन्वेषण शाखा है जो दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन (SPE) अधिनियम से अपनी शक्तियाँ प्राप्त करती है।

मुख्य सतर्कता अधिकारी (Chief Vigilance Officers- CVOs)

- विभागों/संगठनों में सतर्कता प्रशासन का नेतृत्व मुख्य सतर्कता अधिकारियों द्वारा किया जाता है और आयोग की जाँच संबंधी गतिविधियाँ इनके द्वारा या इनके सहयोग से आगे बढ़ती है।

- आयोग को प्राप्त शिकायतों की गहनता से जाँच की जाती है और जो भी सतर्कता प्रकृति के विशिष्ट और सत्यापन योग्य आरोप होते हैं, उन्हें त्वरित व कुशल जाँच/अन्वेषण तथा आयोग को रिपोर्ट सौंपने के लिये CVO/CBI को अग्रसारित कर दिया जाता है।
- सभी विभागों/संगठनों में CVO की नियुक्ति आयोग से पूर्व-परामर्श के बाद की जाती है।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो

(Central Bureau of Investigation- CBI)

- यह भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम, 1988 से संबंधित मामलों में CVC की समग्र निगरानी में काम करती है।
    - भ्रष्टाचार की रोकथाम और प्रशासन में ईमानदारी बनाए रखने में CBI महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
- CVC अधिनियम CBI निदेशक के लिये दो वर्ष के निश्चित कार्यकाल की सुरक्षा प्रदान करता है।
- CBI के निदेशक और SP रैंक एवं उससे ऊपर के अन्य अधिकारियों के चयन के लिये स्थापित समिति का अध्यक्ष मुख्य सतर्कता अधिकारी होता है।

CVC का अधिकार क्षेत्र

केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 2003

केंद्र सरकार, किसी केंद्रीय अधिनियम द्वारा या उसके अंतर्गत गठित निगम, सरकारी कंपनियाँ, केंद्र सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण में संचालित सोसाइटियाँ और स्थानीय प्राधिकरण में कार्यरत लोक सेवकों की कुछ श्रेणियों द्वारा भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम, 1988 के अंतर्गत किये गए अपराधों के मामले में आयोग को जाँच का अधिकार प्राप्त है। लोक सेवकों की ये श्रेणियाँ हैं:

- अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्य जो संघ के विषय क्षेत्रों में सेवा दे रहे हैं और केंद्र सरकार के समूह 'A' के अधिकारी।
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में श्रेणी-V तथा उससे उच्च स्तर के अधिकारी।
- भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड तथा सिडबी में ग्रेड 'D' तथा इससे उच्च स्तर के अधिकारी।
- अनुसूची 'A' तथा 'B' सार्वजनिक उपक्रमों में मुख्य कार्यपालक, कार्यपालक मण्डल तथा E-8 एवं इससे उच्च स्तर के अन्य अधिकारी।
- अनुसूची 'C' तथा 'D' सार्वजनिक उपक्रमों में मुख्य कार्यपालक, कार्यपालक मण्डल तथा E-7 एवं इससे ऊपर के अन्य अधिकारी।
- सामान्य बीमा कंपनियों में प्रबंधक एवं इससे ऊपर के अधिकारी।
- जीवन बीमा निगमों में वरिष्ठ मण्डलीय प्रबंधक एवं इससे ऊपर के अधिकारी।
- समितियों तथा अन्य स्थानीय प्राधिकरणों में अधिसूचना की तिथि को तथा समय-समय पर यथासंशोधित अनुरूप केंद्र सरकार डी.ए. प्रतिमान पर 8700/- रुपये प्रतिमाह तथा इससे ऊपर वेतन पाने वाले अधिकारी।
- लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 ने केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 2003 के कुछ प्रावधानों में संशोधन किया है जिसके तहत आयोग को समूह 'B', 'C' और 'D' के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संबंध में लोकपाल द्वारा भेजी गई शिकायतों की प्रारंभिक जाँच करने का अधिकार दिया गया है।
    - समूह 'A' अधिकारियों के संबंध में प्रारंभिक जाँच हेतु आयोग में एक जाँच निदेशालय स्थापित करना होगा।
- समूह 'A' और 'B' अधिकारियों के संबंध में लोकपाल द्वारा संदर्भित ऐसे मामलों में प्रारंभिक जाँच रिपोर्ट आयोग द्वारा लोकपाल को भेजना आवश्यक है।
- आयोग को यह अधिदेश भी है कि समूह 'C' और 'D' के अधिकारियों के संबंध में ऐसे लोकपाल संदर्भों में आगे की जाँच (प्रारंभिक जाँच के बाद) कराए तथा उनके विरुद्ध आगे की जाने वाली कार्रवाई का निर्णय करे।

CVC के संबंध में नवीनतम सुधार:

- April 2021 में केंद्रीय सतर्कता आयोग (Central Vigilance Commission- CVC) द्वारा सरकारी संगठनों की सतर्कता इकाइयों में अधिकारियों के स्थानांतरण और पोस्टिंग से संबंधित दिशा-निर्देशों को संशोधित करते हुए अधिकारियों के कार्यकाल को किसी एक स्थान पर तीन वर्ष तक सीमित कर दिया।
- निचले स्तर के अधिकारियों सहित सतर्कता इकाई में कर्मियों का कार्यकाल एक स्थान पर केवल तीन वर्ष तक सीमित होना चाहिये।
- हालांकि किसी अन्य स्थान पर पोस्टिंग के साथ कार्यकाल को तीन वर्षों तक और बढ़ाया जा सकता है।
    - जिन कर्मचारियों/कार्मिकों द्वारा एक ही स्थान पर सतर्कता इकाइयों में पाँच वर्ष से अधिक समय पूरा कर लिया है उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर स्थानांतरित किया जाना चाहिये।
- किसी एक संगठन की सतर्कता इकाई से स्थानांतरण के बाद एक व्यक्ति को पुनः स्थानांतरित करने से पूर्व कम-से-कम तीन वर्ष की अवधि का अनिवार्य कार्यकाल दिया जाएगा।

CVC की सीमाएँ

- CVC को प्रायः एक शक्तिहीन एजेंसी माना जाता है क्योंकि इसे महज एक सलाहकार निकाय के रूप में देखा जाता है जिसके पास सरकारी अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज करने की शक्ति नहीं है, न ही इसके पास संयुक्त सचिव और उससे ऊपर के अधिकारियों के विरुद्ध जाँच के लिये CBI को निर्देश देने की शक्ति है।
- यद्यपि CVC अपने कार्यकलाप में "अपेक्षाकृत स्वतंत्र" है, लेकिन उसके पास न तो संसाधन हैं और न ही भ्रष्टाचार की शिकायतों पर कार्रवाई करने की शक्ति है।

निष्कर्ष

निकट अतीत भारत एक प्रगतिशील और जीवंत अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में तेज़ी से विकास के साथ देश की अवसंरचना, निर्माण क्षेत्र, खुदरा क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रों में भारी निवेश किया गया है। अर्थव्यवस्था में तीव्र वृद्धि के साथ भ्रष्टाचार के खतरे में भी वृद्धि हुई है जिसके विरुद्ध संघर्ष के लिये CVC के समक्ष चुनौतियाँ और बढ़ गई हैं। इस परिदृश्य में CVC की प्रणालीगत कमियों को दूर करना समय की बड़ी आवश्यकता है।

****



दूसरों के दु:ख पर अपनी खुशी का निर्माण करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

आजादी का अमृत महोत्सव

राम मोहन सिंह
(मुसतानि/इंजीनियरिंग)

अमृत महोत्सव आजादी का, भरे हृदय में ऊर्जा अभिनव,
अवसर जो पाए विकास के, करे उन्हें हर जन ही अनुभव।
आजादी सबको है भाती, नहीं चाहता कोई बन्धन,
अपनी इच्छा से हर प्राणी, करना चाहे जीवन – यापन।
हमने भी जब अंग्रेजों से, पाई थी मिलकर आजादी,
खुली हवा में साँस ले सकी, तब जा भारत की आबादी।,
आजादी की कीमत भारी, हम को भी तो पड़ी चुकानी,
वीर शहीदों ने हँस – हँसकर, दे दी थी अपनी कुर्बानी।
फाँसी पर जो चढ़े देशहित, आओ! उनको याद करें हम,
आजादी की रक्षा में भी, दिखलाएँ हम पूरा दमखम।
गर्व करें सब भारतवासी, अब हम अपने भाग्य – विधाता,
जोड़ा है सब भेद भुलाकर, लोक तंत्र से अपना नाता।
जो वैधानिक प्रावधान हैं, रखें बनाए उनकी गरिमा,
सबको गौरव देने वाले, संविधान की गाएँ महिमा।
अमृत महोत्सव मना सभी हम, मन को अपने करें तिरंगा,
उत्तर से लेकर दक्षिण तक, देश प्रेम की लहरे गंगा।

****



चरित्र पेड़ और छाया ख्याति की तरह हैं। हम छाया को कितना महत्व दें, लेकिन वास्तविक चीज पेड़ ही है।

– अब्राहम लिंकन

"प्रशासनिक जनजीवन में पारदर्शिता एवं नैतिकता"

सैयद मो0 अकील
(टेक्नीशियनसि0का0/गो0छा0)

प्रशासनिक जन–जीवन में नैतिकता–

एक सुन्दर मनोहर सुबह के समय चाय की प्याली के साथ–साथ एक समाचार पत्र भी मिल जाए तो उससे बेहतर कुछ नहीं ? किन्तु इन समाचार पत्रों में हम क्या पढ़ते हैं– लालसा, भ्रष्टाचार, भेद–भाव, डकैती या और ऐसे ही अनेक विषयों पर खबरें पढ़ते हैं। इनको पढ़कर हमें अपनी सुरक्षा और संरक्षा की चिन्ता होने लगती है। भारत को हमेशा से ही उच्च आचरण तथा नैतिक मूल्यों वाला देश माना गया है। क्या हमारा समाज, देश तथा स्वयं हम में होने वाला परिवर्तन हमारी इस विचार धारा में परिवर्तन कर रहा है ?क्या हम उच्च मूल्यों की अपनी व्यवस्था को खो रहे हैं या यह मात्र वह चरण है जिससे हमारा देश गुज़र रहे हैं। हम सभी ने समान मूल्यों को ग्रहण किया है इसके बावजूद हम में से कुछ ऐसे हैं जो सफलता के फटाफट रूप में अन्याय तथा अनैतिकता के मार्ग पर चल रहे हैं। क्या सदा ही नैतिक रूप से सही होना महत्वपूर्ण है?

आधुनिक युग में ईमानदारी, सच्चाई का कोई मूल्य नहीं है–

महेश एक शहर में रेलवे कर्मचारी था। एक दिन उसकी ड्यूटी शहर के बाहर लगी, ड्यूटी हो जाने के उपरान्त वापस अपने शहर ट्रेन से आते समय उसका ब्रीफकेस/बैग एवं मोबाईल शयनयान, बर्थ पर ही रह गया और वह अपने घर के लिए साइकिल स्टैण्ड तक ही गया, तब उसे याद आया कि उसका ब्रीफकेस आदि समान बर्थ पर छूट गया, उसे समझ नहीं आ रहा था कि उसे क्या करना चाहिए ?उसने तुरन्त अपने विभाग द्वारा अगले स्टेशन पर सूचना भेजी कि ट्रेन नम्बर, बर्थ नम्बर पर कर्मचारी का समान छूट/भूलवश रह गया है। सुरेश नाम का एक चल टिकट पर्यवेक्षक रेलवे कर्मचारी जो महेश के सामने वाले कोच में अपनी ड्यूटी कर रहा था। सुरेश ने ब्रीफकेस/बैग एवं मोबाईल देखा और खोलने का विचार बनाया ताकि उस व्यक्ति का नाम व पता मिल सके। जब उसने ब्रीफकेस/बैग खोला तो वह उसके अन्दर देखकर दंग रह गया क्योंकि उसमें अनेक मूल्यवान दस्तावेज, नगद तथा मोबाईल पड़ा हुआ था उसमें उसे एक पहचान पत्र मिला जिसमें ब्रीफकेस के स्वामी का नाम व पता लिखा था। गाड़ी/ट्रेन रूकने पर सुरेश ने तत्काल रेलवे विभाग को सूचित कर सुपुर्द कर दिया ताकि जिस किसी भी व्यक्ति का सामान समय रहते उसे मिल जाये। महेश यह देखकर बहुत खुश हुआ और उसने सुरेश को उसकी ईमानदारी के लिए पुरस्कार भी दिया।

यह एक बहुत अच्छा गुण है जो बहुत कम दिखाई देता है। वह उस बैग में रोकड़, मूल्यवान दस्तावेज निकाल कर उस ब्रीफकेस/बैग को फेंक सकता था, किन्तु उसने ऐसा नहीं किया। उसके विवेक ने उसे ऐसा नहीं करने दिया और उसने सही निर्णय लिया, ईमानदारी वह मूल्य है जो सुरेश के पास है।

अब आप जान चुके हैं कि सुरेश एक ईमानदार रेलवे कर्मचारी है। ईमानदार होने के साथ–साथ वह विश्वसनीय तथा जिम्मेदार भी है वह अब इस बात के लिए जाना जाता है कि अपने यात्रियों के साथ बेईमानी नहीं करता। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि सतर्कता/भ्रष्टाचार/प्रशासनिक जन–जीवन में पारदर्शिता एवं नैतिकता वह अवधारणा है जिसे हर एक व्यक्ति या कर्मचारी धारण करता है, जो अत्यंत महत्वपूर्ण है और चेतना के विकास में सहायक होता है। आपकी

चेतना, आपकी आंतरिक संरक्षा एंव नैतिकता है। यह सरंक्षा, नैतिकता आपको, आपके मूल्यों के आधार पर आपकी क्रिया की चयन में सहायक होता है।

इसी प्रकार पंकज सुरेश का मित्र है और उसके मूल्य भिन्न प्रकार के हैं। वह प्राय: अनैतिक रूप से व्यवहार करता है और यात्रियों के साथ बेईमानी करता है। वह अपने यात्रियों को टिकट रसीद न काटकर गलत तरीके से पैसे लेता है ताकि उनसे ट्रेनों में सभी यात्रियों से अधिक पैसे वसूल कर सके। वह कई बार सुरेश से उसकी ईमानदारी को लेकर बहस करता है। सुरेश ने पंकज को कई बार समझाया है कि व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत तथा व्यावसायिक जीवन में सच्चाई के मार्ग पर चलना चाहिए। हर कार्यस्थल तथा व्यवसाय के कुछ नैतिक मूल्य होते हैं जिनका सदैव ही अनुसरण करना चाहिए। इस प्रकार हम यह निष्कर्ष निकाल कर सकते हैं कि जिन मूल्यों को हम धारण करते हैं उन्हीं के आधार पर हम अपने कार्यस्थल के नैतिक मूल्यों को समझ सकते हैं।

प्रशासनिक जन–जीवन के मूल्य–

सौहार्दपूर्ण वातावरण को बनाये रखने के लिए निर्धारित मूल्यों को ग्रहण करना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इनमें से कुछ मूल्य हैं–

- ईमानदारी व निष्ठा
- कार्य के प्रति आदर
- समय पालन, नियमितता तथा अनुशासन
- दूसरों के प्रति शिष्टचार तथा नम्रता
- संसाधनों का विवेकपूर्ण प्रयोग
- पहल करना
- कार्य को पूरा करने में कुशलता

प्रशासनिक कार्यस्थल पर मूल्य की पारदर्शिता–

कार्यस्थल पर सौहार्दपूर्ण वातावरण को बनाये रखने के लिए हममें से हरेक के लिए निर्धारित मूल्यों को ग्रहण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनमें से कुछ मूल्य हैं–

- संगठन के प्रति ईमानदारी व निष्ठा
- सौंपे गये कार्य के प्रति आदर
- समय पालन, नियमितता तथा अनुशासन
- संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग
- सहकर्मियों के साथ शिष्टाचार तथा नम्रता
- कार्यों को पूरा करने में कुशलता
- नए कार्यों को करने में आगे रहना

क्या आपको नहीं लगता है कि जो विकल्प हम अपने दिन प्रतिदिन के जीवन में चुनते हैं वे हमारी व्यक्तिगत नैतिकता पर आधारित होते हैं हमारे सभी निर्णयों में हमारे मूल्य ही निर्धारक करक होते हैं। यह हमारी क्रियाओं तथा व्यवहार के लिए आधार उत्पन्न करते एवं न्यायोचित तथा शांतिपूर्ण बहुत अहम और महत्वपूर्ण है।

मेरा लक्ष्य " भ्रष्टाचार मुक्त भारत "

श्रवण कुमार यादव
(मुसतानि/सुरक्षा)

हमारे देश में भ्रष्टाचार आज से नहीं बल्कि कई सदियों से चला आ रहा है और यह दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है, जिसके कारण हमारे देश की हालत खराब होती जा रही है। एक पद विशेष पर बैठे हुए व्यक्ति का अपने पद का दुरुपयोग करना ही भ्रष्टाचार कहलाता है। ऐसे लोग अपने पद का फायदा उठाकर कालाबाजारी, गबन, रिश्वतखोरी इत्यादि कार्यों में लिप्त रहते है, जिसके कारण हमारे देश का प्रत्येक वर्ग भ्रष्टाचार से प्रभावित होता है। इसके कारण हमारे देश की आर्थिक प्रगति को भी नुकसान पहुंचता है। भ्रष्टाचार दीमक की तरह है जो कि धीरे–धीरे हमारे देश को खोखला करता जा रहा है। आज हमारे देश में प्रत्येक सरकारी कार्यालय, गैर–सरकारी कार्यालय और राजनीति में भ्रष्टाचार कूट–कूट कर भरा हुआ है जिसके कारण आम आदमी बहुत परेशान है। इसके खिलाफ हमें जल्द ही आवाज उठाकर इसे रोकना होगा नहीं तो हमारा पूरा राष्ट्र भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगा।

भ्रष्टाचार का अर्थ

भ्रष्टाचार का मतलब इसके नाम में ही छुपा है, भ्रष्टाचार यानी **भ्रष्ट + आचार।** भ्रष्ट यानी बुरा या बिगड़ा हुआ तथा आचार का मतलब है आचरण। अर्थात भ्रष्टाचार का शाब्दिक अर्थ है वह आचरण जो किसी भी प्रकार से अनैतिक और अनुचित हो। भ्रष्टाचार में मुख्य घूस यानी रिश्वत, चुनाव में धांधली, ब्लैकमेल करना, टैक्स चोरी, झूठी गवाही, झूठा मुकदमा, परीक्षा में नकल, परीक्षार्थी का गलत मूल्यांकन, हफ्ता वसूली, जबरन चंदा लेना, न्यायाधीशों द्वारा पक्षपातपूर्ण निर्णय, पैसे लेकर वोट देना, वोट के लिए पैसा और शराब आदि बांटना, पैसे लेकर रिपोर्ट छापना, अपने कार्यों को करवाने के लिए नकद राशि देना यह सब भ्रष्टाचार ही है। अंतरराष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की 2017 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में भारत का भ्रष्टाचार में 81 वां स्थान है। भ्रष्टाचार देश को दीमक की तरह चाट रहा है स घोटालों और रिश्वतखोरी ने देश को काफी पीछे खींच दिया है। ऐसे में जरूरत है सही समय पर जागरूक होने की, जरूरत है समय रहते संभल जाने की। क्योंकि हालत ऐसी ही बनी जा रही तो देश को गर्त में जाने से कोई नहीं बचा सकता है। उक्त के सम्बन्ध में कुछ पंक्तियां इस प्रकार हैं :–

" हर ओर अंधेरा छाया है, एक काला सूरज दिखता है,
मुझको अपने चारों ओर भ्रष्टाचार ही दिखता है'
कुर्सी का लालच जब बोले, अधिकारी का गुणगान देखें,
आलस और नीरसता में ही ये अवगुण और निखरता है,
मुझको अपने चारों और भ्रष्टाचार ही दिखता है।

राशन की दुकानों पर, बिल भरने की होड़ दिखे,
जब बूढ़ों को धक्का देना किसी जवान का अभिमान हो.
पैसे देकर खुश होकर दम दंभी जहां निखरता है,
मुझको अपने चारों ओर भ्रष्टाचार ही दिखता है।
दबी फाइल में बैठ कभी लक्ष्मी का वाहन बदले,

कुर्सी के नीचे से जब मिठाई का स्वाद बदलता है,
मुझको अपने चारों ओर भ्रष्टाचार ही दिखता है स
हर ओर अंधेरा छाया है, एक काला सूरज दिखता है,
मुझको अपने चारों ओर भ्रष्टाचार ही दिखता है।"

भ्रष्टाचार पर विचार व्यक्त करने बैठे तो कभी खत्म ही न हो, परन्तु इससे मुक्ति पाने का सबसे आसान उपाय स्वयं को इस मुहिम की सबसे पहली कड़ी बनाना बाकी कड़ियां खुद–ब–खुद जुड़ती चली जाएंगी। आज हमको सब कुछ आसानी से पा लेने की आदत सी पड़ चुकी है। लाइन में न रहना पड़े कुछ ले देकर काम हो जाए कोई प्रमाण पत्र ही बनवाना हो घर बैठे काम हो जाए कुछ पैसे ही तो देने पड़ेंगे ऐसी सोच से ही भ्रष्टाचार की उपज होती है। यही सोच का नतीजा है कि आज कोई भी अच्छी परियोजना लाने के लिए हमारी सरकार को इतनी जद्दोजहत करनी पड़ती है।

मैं छोटे स्तर से ही इस बीमारी से मुक्ति के विषय में बताना चाहता हूं। शायद मेरे विचारों से कोई सहमत न हों परंतु मेरा मानना यही है कि यदि हम स्वयं अपने अपने अधिकारों को त्याग, अपने कर्तव्यों को पूरी तन्मयता से निभाएं तो अगले वर्षो में शायद लेख का शीर्षक बदल कर"भ्रष्टाचार मुक्त प्रथम देश – भारत"हो जाए।

आज हर स्तर पर हम को किसी न किसी रूप में इस राक्षस का सामना करना पड़ता है चाहे अपने बच्चों की शिक्षा से संबंधित हो चाहे राशन खरीदना हो फिर चाहे अपने वृद्ध माता–पिता की पेंशन के लिए फंड ऑफिस के चक्कर लगाना है। मैं स्वयं भी इसका कई बार सामना कर चुका हूं तो अन्य का उदाहरण क्यों दूं..... समय के साथ मेरा पद भी बढ़ गया है और अनुभव भी परंतु इस समस्या से जूझने में आज भी उतनी ही कम अनुभवी हूं जितना उस वर्ष था।

भ्रष्टाचार के मूल कारण है :–

नैतिक मूल्यों में आई भारी गिरावट स आज शायद ही किसी व्यक्ति को संविधान में दिए गए नीति निर्देशक तत्वों के विषय में मालूम होगा।

भ्रष्टाचार के अन्य कारण

1) भौतिक विलासिता में जीने तथा ऐसो आराम की आदत तथा झूठे दिखावे व प्रदर्शन के लिए। झूठी सामाजिक प्रतिष्ठा पाने के लिए। धन को ही सर्वस्व समझने के कारण। 2) अधर्म तथा पाप से बिना डरे बेशर्म चरित्र के साथ जीने की मानसिकता का होना। 3) अधिक परिश्रम के किये बिना धनार्जन की चाहत। 4) राष्ट्रभक्ति का अभाव। 5) मानवीय संवेदनाओं की कमी। 6) गरीबी, भुखमरी तथा बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, जनसंख्या वृद्धि तथा व्यक्तिगत स्वार्थ की वजह से। 7) लचीली कानून व्यवस्था।

उपरोक्त कारणों से ही भ्रष्टाचार हमारे देश में पल्लवित हो रहा है। कुछ लोगों में सम्मान अथवा पद की आकांक्षा होती है तो कुछ में धन की लोलुपता। ऐसे व्यक्ति असंतोष और लोलुपता के कारण ही वे न्याय– अन्याय में अंतर नहीं कर पाते हैं तथा भ्रष्टाचार की ओर उन्मुख हो जाते हैं। भाषावाद, क्षेत्रीयता, सांप्रदायिकता, जातीयता आदि भी भ्रष्टाचार को प्रोत्साहित करते हैं।

भ्रष्टाचार के अनेक रूप हैं। चोरबाजारी, रिश्वतखोरी, दलबदल, जोर–जबरदस्ती आदि भ्रष्टाचार के ही रूप हैं। भ्रष्टाचार वर्तमान में एक नासूर बनकर समाज को खोखला करता जा रहा है। धर्म का नाम ले कर लोग अधर्म को बढ़ावा

दे रहे हैं आज दोषी व अपराधी धन के प्रभाव में स्वच्छंद होकर घूम रहे हैं। धन–बल का प्रदर्शन, लूट–पाट, तस्करी आदि आम बात हो गई है।

भ्रष्टाचार का हमारे समाज और राष्ट्र में व्यापक रूप से असर हो रहा है। संपूर्ण व्यवस्था में असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है। परिणामत: समाज में भय, आक्रोश व चिंता का वातावरण बन रहा है। राजनीतिक, धार्मिक, आर्थिक व प्रशासनिक आदि सभी क्षेत्र इसके दुष्प्रभाव से ग्रसित हैं।

यह हमारी व्यवस्था में इस प्रकार समाहित हो चुका है कि आज इसे दूर करना प्रत्येक राष्ट्र के लिए लोहे के चने चबाने जैसा हो गया है। आजकल तो सेना में भी भ्रष्टाचार फैल रहा है जिसके कारण देश की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लग गया है।

भ्रष्टाचार किसी व्यक्ति विशेष या समाज की नहीं अपितु संपूर्ण राष्ट्र की समस्या है। इसका निदान केवल प्रशासनिक स्तर पर हो सके ऐसा संभव नहीं है। इसका समूल विनाश सभी के सामूहिक प्रयास के द्वारा ही संभव है। इसके लिए केंद्रीय स्तर पर राजनीतिक इच्छा–शक्ति का प्रदर्शन भीनितांत आवश्यक है।

भ्रष्टाचार से मुक्ति के उपाय

प्रशासनिक स्तर परयह आवश्यक है कि भ्रष्टाचार के आरोपी व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हो। सामाजिक स्तर परयह आवश्यक है कि हम ऐसे तत्वों को बढ़ावा ना दें जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं या उसमें लिप्त हैं। यह आवश्यक है कि उन्हें हम मुख्यधारा से अलग कर दें जब तक कि वे नीति के मार्ग पर नहीं चलने लगे। व्यक्तिगत स्तर पर आवश्यक है कि हम यह समझे कि समाज से भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने का उत्तरदायित्व हम पर ही है तो निसंदेह हम भविष्य में भ्रष्टाचार रहित समाज की कल्पना कर सकते हैं।

भ्रष्टाचार को दूर करने के उपाय

भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए उल्लिखित सभी कारणों पर गंभीरतापूर्वक विचार करके उसे अपने आचरण से निकालने का प्रयत्न करना होगा तथा जिन कारणों से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है, उनको दूर करना होगा। अपने राष्ट्र के हित को सर्वोपरि मानना होगा। व्यक्तिगत स्वार्थ को छोड़कर भौतिक विलासिता से भी दूर रहना होगा। ईमानदार लोगों की अधिकाधिक नियुक्ति कर उन्हें पुरस्कृत करना होगा। भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कठोर कानून बनाकर उन्हें उचित दंड देना होगा तथा राजनीतिक हस्तक्षेप को पूरी तरह से समाप्त करना होगा।

उपसंहार

हमारी नैतिक जिम्मेदारी समझकर हमको ही इस दानव को खत्म करने के लिए अग्रसर होना पड़ेगा। हमको अपने कर्तव्यों के वहन करने में किसी प्रकार से भी अधिकारों को बीच में नहीं लाना चाहिए क्योंकि जहां आपके अधिकार शुरू होते हैं वह दूसरों के कर्तव्य, और जहां हमारे कर्तव्य शुरू होते हैं वहां दूसरों के अधिकार। अपने दायित्व को पूरी तन्मयता के साथ हमको निर्वाह करना चाहिए फिर चाहे उसके लिए हमको कई समस्याओं का सामना ही क्यों ना करना पड़े। संभवत: शुरुआत करने में कुछ मुश्किलों का सामना भी करना पड़ेगा और कुछ अधिकारों को भी भूलना पड़ेगा। जिस प्रकार हम हर रात की बाद चमकदार सवेरा होता है ठीक उसी प्रकार हमारी थोड़ी से प्रयत्न करने के बाद ही हम को भ्रष्टाचार मुक्त समाज मिलेगा, और जब एक समाज भ्रष्टाचार मुक्त होगा तो राज्य को इससे मुक्ति पाते देर नहीं लगेगी और राज्यों के उन्मुक्त होते ही हमको हमारा देश भ्रष्टाचार से मुक्त मिलेगा। जिस प्रकार हम अपने बच्चों को पालने का

दायित्व स्वयं का समझते हैं उसी प्रकार हमारा दायित्व हमारे देश के लिए भी ऐसे ही समझना चाहिए। भ्रष्टाचार का कैंसर हमारे देश के स्वास्थ्य को नष्ट कर रहा है। यह आतंकवाद से भी बड़ा खतरा बना हुआ है। भ्रष्टाचार के समाधान के लिए आवश्यक है कि भ्रष्टाचार संबंधी नियम और भी सख्त हो तथा भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। इसके लिए सख्त और चुस्त प्रशासन अनिवार्य है। इस समस्या के निदान के लिए केवल सरकार ही उत्तरदायी नहीं है, इसके लिए सभी धार्मिक, सामाजिक व स्वयंसेवी संस्थाओं को एकजुट होना होगा। सभी को संयुक्त रूप से इसे प्रोत्साहन देने वाले तत्वों का विरोध करना होगा। सभी भारतीय नागरिकों को इसे दूर करने हेतु कृतसंकल्प होने की आवश्यकता है। भ्रष्टाचार के दोषी व्यक्तियों का पूर्णरूपेण सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए ताकि ऐसे लोगों के मनोबल को खंडित किया जा सके जिससे वह इसकी पुनरावृत्ति न कर सके। भ्रष्टाचार के विरोध में राष्ट्रीय जन–जागृति ही राष्ट्र को भ्रष्टाचार जैसी कुरीतियों से मुक्त करा सकती है। हम जब अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और एक अखंड भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र के लिए एकजुट होंगे तथा भ्रष्टाचार में किसी भी रूप में शामिल नहीं होंगे, उसी समय हम गर्व से कह सकते हैं कि;

"अरुण यह मधुमय देश हमारा,
जहां पहुंच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा।
सरस तामरस गर्भ विभा पर नाच रही तरुशिखा मनोहर,
छिटका जीवन हरियाली पर मंगल कुंकुम सारा।
अरुण यह मधुमय देश हमारा"।

– जयशंकर प्रसाद



भ्रष्टाचार के अपराध का सह अपराधी अक्सर
हमारी खुद की उदासीनता होती है!!

– बेस मायरसन

" गिरफ्तारी "

मु0 अब्बास रिजवी
(सउनि/अभियोजन मुख्यालय गोरखपुर)

गिरफ्तारी के शब्दकोश मे इसका अर्थ है कि जब्त करना, हिरासत में लेना या आराम करना ये सभी अर्थो से गिरफ्तारी का अर्थ निकलता है। गिरफ्तारी का अर्थ है किसी व्यक्ति की गतिविधि को रोकना। गिरफ्तारी शब्द की परिभाषा कानून के अन्तर्गत कही भी नहीं दी गयी तथा दण्ड प्रकिया संहिता 1973 मे भी परिभाषित नहीं किया गया है।

सिविल अपील सं. 84/2008 हरियाणा राज्य बनाम दिनेश कुमार माननीय सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि गिरफ्तारी शब्द को दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 या भारतीय दण्ड संहिता 1860 या अन्य किसी विशेष कानून अथवा स्थानीय कानून मे परिभाषित नहीं किया गया है। अपराध, ही शायद गिरफ्तारी का संकेत है।

गिरफ्तारी एक वैध प्रकिया है जो दैहिक स्वतंत्रता को छीन लेती है।

Arrest means generally taking of a person in custody for an offence] to produce him before the court to answer the charge against him.

गिरफ्तारी से अर्थ किसी प्राधिकार के अन्तर्गत किसी व्यक्ति को गिरफ्तारी करने के आशय से उसे बन्दी बनाना या अभिरक्षा मे रखना जो विधि विरूद्ध न हो। जब पुलिस अधिकारी द्वारा किसी अपराध में व्यक्ति को पुलिस थाने पर ले जाया जाता है तब यह कहा जाता है कि अमुक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है।

Mitra's legal and Commercial Dictionary :

Arrest- means the restrsining of the liberty of a man's person in order to compel obedience to the order of a court of Justice or to prevent the commission of crime or to ensure that a person charged or suspected of a crime may be forthcoming to answer it.

Arrest consists of the actual seizure or touching of a person'sbody with a view to his detention.

भारतीय सविधान मे प्रत्येक व्यक्ति को अनुच्छेद–21 में व्यक्तिगत स्वतंत्रता प्रदान की गयी और कहा गया है कि:–

किसी व्यक्ति को अपने प्राण अथवा व्यक्तिगत स्वतंत्रता से विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया को छोडकर अन्य प्रकार से वंचित नहीं किया जायेगा।

दण्ड प्रकिया संहिता 1973 के अनुसार गिरफ्तारी कैसे की जायेगी–दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के अनुसार गिरफ्तारी करने का तरीके को बताया गया है, गिरफ्तारी दो तरीको से हो सकती है।

1. शब्दो से या क्रिया से

2. छूकर या कैद करके

दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 46 के अनुसार

1. गिरफ्तारी करने मे पुलिस अधिकारी या अन्य व्यक्ति जो संहिता द्वारा गिरफ्तारी करने के लिए वैध हो जो गिरफ्तारी कर रहा है, गिरफ्तारी करने वाले व्यक्ति के शरीर को वस्तुत: छुएगा या परिरूद्ध करेगा जब तक उसने वचन या कर्म द्वारा अपने को अभिरक्षा मे समर्पित न कर दिया हो। लेकिन जहां किसी महिला को गिरफ्तार किया जाना है, वहां जब तक कि परिस्थितियों से इसके विपरीत उपदर्शित न हो, गिरफ्तारी की मौखिक सूचना पर अभिरक्षा मे उसके समर्पण

कर देने की उपधारणा की जायेगी जव तक परिस्थितियों मे अन्यथा उपेक्षित न हो, तब तक पुलिस अधिकारी महिला को गिरफ्तार करने के लिए उसके शरीर को नही छूएगा।

2. यदि ऐसे व्यक्ति अपने गिरफ्तारी किये जाने के प्रयास का बलात प्रतिरोध करता है या गिरफ्तारी से बचने का प्रयत्न करता है तो गिरफ्तारी करने वाले पुलिस अधिकारी या अन्य व्यक्ति गिरफ्तारी करने क लिए आवश्यक साधनो को उपयोग में ला सकता है।

3. इस धारा की कोई बात ऐसे व्यक्ति की, जिस पर मृत्यु या आजीवन करावास का दण्डनीय अपराध का अभियोग नही है, मृत्युकारित करने का अधिकार नहीं देती है।

4. असाधारण परिस्थितियों के सिवाय, कोई महिला सूर्यास्त के पश्चात् और सूर्योदय के पहले गिरफ्तारी नही की जायेगी और जहां ऐसी असाधारण परिस्थिति विद्यमान है वहां महिला पुलिस अधिकारी लिखित रिपोर्ट करके, प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुज्ञा अभिप्राप्त करेगी, जिसके स्थानीय अधिकारिता के भीतर अपराध किया गया है, या गिरफ्तारी की जानी है।

नोट–वैध गिरफ्तारी अवरोध करने परभारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 224 और 225 मे दण्ड का उल्लेख किया गया है।

****



CASE STUDIES AND SYSTEM IMPROVEMENTS

अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति में अनियमितता

ए0 के0 शुक्ल
मुसतानि/कार्मिक

एक स्रोत सूचना के आधार पर अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति को संज्ञान में लेकर सतर्कता निवारक जॉच किया गया जिसमें इज्जतनगर मंडल में कार्यरत कर्मचारी जिनकी मृत्यु सेवा काल में दिनांक 07–11–2003 को हो गई थी। मृत्यु के पूर्व स्व0 कर्मचारी ने अपने जीवन काल में अपने स्वंय का कोई सन्तान जीवित न होने के कारण वर्ष 2002 को एक नावालिग बच्ची को गोद लिया था। स्व0 कर्मचारी की मृत्यु हो जाने के पश्चात इज्जतनगर मंडल द्वारा वर्ष 2004 में अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति हेतु केस नावालिग के रूप में रजिस्टर्ड किया गया जिसमें नावालिग बच्ची की जन्मतिथि 24–01–1994 दर्शायी गयी है। वालिग होने पर अभ्यर्थी द्वारा अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया तथा साथ में वर्ष 2013 का हाईस्कूल परीक्षा उत्तीण का प्रमाण पत्र संलग्न किया गया जिसमें जन्म तिथि 24–01–1994 है। मंरेप्र0 स्तर पर अनुकम्पा नियुक्ति की प्रक्रिया अनुमोदनोपरान्त अभ्यर्थी की लिपिक के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति दिनांक वर्ष 2016 में दे दी गई है। जाँच में पाया गया कि उक्त अभ्यर्थी ने प्रथम बार वर्ष 2009 में हाईस्कूल उत्तीर्ण की है जिसमें अभ्यर्थी की जन्म तिथि 24–01–1993 है जिसका कोई विवरण इनके द्वारा नियुक्ति के समय नहीं दिया गया है। अभ्यर्थी द्वारा वर्ष 2009 के हाईस्कूल प्रमाणपत्र में जानबूझकर अपनी जन्म तिथि में परिवर्तन किया गया है क्योंकि इनको अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति 18 वर्ष की आयुपूर्ण होने के उपरान्त ही मिल सकती थी। अभ्यर्थी की प्रथम बार वर्ष 2009 में हाईस्कूल उत्तीर्ण प्रमाण पत्र में बायोलॉजिकल माता–पिता का नाम दर्ज था इसलिए वर्ष 2009 में उर्त्तीण हाईस्कूल प्रमाणपत्र के आधार पर रेलवे में नियुक्ति होने के लिए अपात्र होने के कारण अभ्यर्थी के द्वारा द्वितीय बार वर्ष 2013 में पुनः हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की गयी जिसमें इनके द्वारा अपनी एडाप्टेड माता–पिता का नाम दर्ज कराया गया है जो कि प्रदर्शित करता है कि इनके द्वारा जान बूझकर नियुक्ति के समय वर्ष 2009 में हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण को छुपायी गयी है तथा जन्म तिथि में हेर–फेर किया गया।

उपरोक्त अनियमितता के लिये सम्बन्धित जिम्मेदार कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है।

खुद में वो बदलाव लाइए जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं

– महात्मा गांधी

अधिवर्षिता तिथि पर सेवा निवृत्ति नहीं किया जाना

लल्लन प्रसाद
मुसतानि/लेखा

कर्मचारियों के अधिवर्षिता तिथि पर सेवा निवृत्ति को संज्ञान में लेकर पूर्वोत्तर रेलवे के एक मंडल इकाई कार्यालय में की गई एक सतर्कता निवारक जाच में पाया गया कि एक कर्मचारी जिसकी अधिवर्षिता पर दिनाक 31.10.2019 को सेवा निवृत्ति होनी चाहिए परन्तु प्रशासन द्वारा उक्त कर्मचारी को दिनाक 31.08.2020 तक रेल सेवा में बनाये रखा गया। उक्त कर्मचारी की सेवा अभिलेखों की जाच में पाया गया कि कर्मचारी की मूल सेवा पुस्तिका गुम होने के कारण दूसरी सेवा पुस्तिका तैयार की गई थी जिसमें जन्म तिथि कालम में कर्मचारी का वास्तविक जन्मतिथि के जगह गलत जन्मतिथि अंकित कर दिया गया। जन्मतिथि अंकित करते समय सम्बन्धित कार्यालय द्वारा कर्मचारी की जन्मतिथि से सम्बन्धित शैक्षणिक प्रमाणपत्र एवं अन्य दस्तावेजो को संज्ञान में नहीं लिया गया, तथा सेवानिवृत्ति से सम्बन्धित सूची तैयार किये जाने के समय भी कार्यालय द्वारा उक्त कर्मचारी की जन्मतिथि से सम्बन्धित दस्तावेजों को नहीं देखा गया, और नही कर्मचारी द्वारा भी अपने सेवानिवृत्ति के सम्बन्ध में प्रशासनिक कार्यालय को सूचित किया गया, जिसके कारण कर्मचारी ने अधिवर्षिता तिथि से अधिक अवधि तक रेल सेवा का कार्य किया गया।

अतः उपरोक्तकृत्य के लिए सम्बन्धित कर्मचारी के अधिवर्षिता से अधिक किये गये सेवा के दौरान की गयी अधिभुगतान रू0 6,62,809/– की कटौती उनके सेवा उपदान से की गयी है, तथा भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुर्नरावृत्ति नहीं किये जाने के सम्बन्ध में पद्यति सुधार जारी किया गया।

आत्मा कुछ न कुछ जरूर कहती है
उसकी सलाह मानना तुम्हारा धर्म है।
– प्रेमचन्द

किसी चीज पर विश्वास करना और
उसके अनुरूप नहीं जीना बेईमानी है ।
– महात्मा गाँधी

वेतन एवं भत्तों का अधिभुगतान

लल्लन प्रसाद
मुसतानि/लेखा

कर्मचारियों के द्वारा चाइल्ड केयर लिए उपभोग पर उनके पक्ष में किये जाने वाले वेतन एवं भत्तो के भुगतान को संज्ञान में लेकर पूर्वोत्तर रेलवे के एक मंडल में की गयी सतर्कता निवारक जॉच में पाया गया कि कई कर्मचारियों द्वारा चाइल्ड केयर लीव का उपभोग किया गया है, जिसके कारण उन्हे 365 दिनों से अधिक दिनों के उपभोग चाइल्ड केयर लीव अवधि में उनके वेतन का 80 प्रतिशत के दर से वेतन का भुगतान किया जाना चाहिए, परन्तु सम्बन्धित कार्यालयों द्वारा 100 प्रतिशत वेतन दर से भुगतान किया गया है, इसके अतिरिक्त पूरे कलेण्डर माह में अवकाश पर रहे जाने के कारण उन्हे वाहन भत्ता का भुगतान देय नहीं है, परन्तु वाहन भत्ता का भुगतान किया गया है, इसके अतिरिक्त वार्षिक वेतन वृद्धि तिथि पर रिकार्डेड लीव पर रहने के कारण उन्हे वार्षिक वेतन वृद्धि तिथि से उनके कार्य पर उपस्थित होने के तिथि तक के अवधि में वार्षिक वेतन वृद्धि के मद में वित्तीय लाभ देय नहीं है, परन्तु वार्षिक वेतन में वृद्धि प्रदान की गयी है।

अतः उपरोक्त कृत्य के लिए वेतन भुगतान कार्य से सम्बन्धित कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही किये जाने की अनुशंसा की गयी, तथा वेतन एवं भत्तों के मद में की गयी अधिभुगतान राशि रू0 1,52,096/– की कटौती सुनिचित करायी गयी।



वाणी में भी अजीब शक्ति होती है,
कड़वा बोलने वाले का शहद भी नहीं बिकता,
जबकि मीठा बोलने वाले का मिर्च भी बिक जाता है।

शिशु शिक्षण शुल्क एवं हॉस्टल सब्सिडी में पायी गयी अनियमितता

सूर्यकान्त भारती
मुसतानि/लेखा

पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के एक मण्डल में शिशु शिक्षण शुल्क एवं हास्टल सब्सिडी को लेकर सतर्कता जॉच किया गया, जॉच में पाया गया कि एक कर्मचारी द्वारा अपने प्रथम दो बच्चों के लिये शिशु शिक्षण शुल्क एवं हास्टल सब्सिडी के मद में एक विद्यालय द्वारा जारी रसीद/प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करके प्रथम बच्चा के लिये वर्ष 2014–15, वर्ष 2015–16, वर्ष 2016–17, वर्ष 2017–18, वर्ष 2018–19, वर्ष 2019–20 वर्ष 2020–21 तक कुल छः वर्षो का एवं द्वितीय बच्चे के लिये वर्ष 2014–15, वर्ष 2015–16, वर्ष 2016–17, वर्ष 2017–18, वर्ष 2018–19, वर्ष 2019–20 तक कुल पांच वर्षो तक का था जिसमे कमशः रु 81,000/–, रु 1,08,000/–, रु 1,08,000/–, रु 1,48,500/–, रु 1,62,000/–, रु 1,62,000/–, रु 81,000/– प्राप्त किया गया। इसप्रकार कर्मचारी द्वारा वर्ष 2014–15 से वर्ष 2020–21 तक कुल रु 8,50,500/– का शिशु शिक्षण शुल्क एवं हास्टल सब्सिडी के मद में भुगतान प्राप्त किया गया। सतर्कता जॉच के दौरान विद्यालय द्वारा जारी रसीद/प्रमाण–पत्र की सत्यता की जॉच के लिये उक्त रसीद में अंकित विद्यालय के पते पर गये, अंकित पते पर कोई विद्यालय अस्तित्व में नही था। परन्तु उक्त अंकित पते के आस–पास भी विद्यालय की काफी खोजबीन की गयी फिर भी उक्त विद्यालय का पता नही चला। उक्त विद्यालय पूर्व में अस्तित्व में था या नही इसकी पुष्टि के लिये जिला विद्यालय निरीक्षक, गोरखपुर एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर से पत्राचार किया गया, वहां से भी पता चला कि उक्त विद्यालय न तो वर्तमान में अस्तित्व में है और न ही पूर्व में अस्तित्व में था। विद्यालय की सत्यता के लिये कर्मचारी से अपने दोनो बच्चों के उक्त विद्यालय द्वारा जारी अंकपत्र/प्रमाण–पत्र की मांग की गयी जिसमें पाया गया कि कर्मचारी की दोनो बच्चे उपरोक्त अवधियों में किसी अन्य विद्यालय में अध्ययन किये थे जबकि कर्मचारी द्वारा जो विद्यालय अस्तित्व में नही था, का रसीद/प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करके शिशु शिक्षण शुल्क एवंहास्टल सब्सिडी के मद में भुगतान प्राप्त किया जा रहा था। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की अनुशंसा करते हुये रु 8,50,500/–की वसूली सम्बन्धित कर्मचारी के वेतन से करने हेतु सम्बन्धित मण्डल रेल प्रबन्धक को पत्र लिखा गया।

एकता के बिना जनशक्ति, शक्ति नहीं है। जब तक उसे ठीक तरह से सामंजस्य में ना लाया जाए और एकजुट न किया जाए।

– सरदार वल्लभ भाई पटेल

फर्जी तरीके से नौकरी करने के सम्बन्ध में

आनन्द कुमार
मुसतानि/कार्मिक

एक परिवाद की जाँच में यह पाया गया कि पूर्वोत्तर रेलवे के एक मण्डल के अधीन एक कर्मचारी की नियुक्ति अनुकम्पा के आधार पर अपने बाबा (Grand father) के मेडिकली अनफिट होने के उपरान्त वर्ष 1994 में की गई थी। किन परिस्थितियो में इनकी नियुक्ति पुत्र के रूप मे इनके बाबा (Grand father) के स्थान पर हुई थी, के सम्बन्ध में कोई अभिलेख नही पाया गया और न ही कोई अभिलेख नियुक्ति के सम्बन्ध में मिसिल मंडल में उपलब्ध पाई गई।

उपरोक्त कर्मचारी नें रेलवे में अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति के समय अपना कक्षा 8 उत्तीर्ण का प्रमाण पत्र वर्ष 1982–83 का प्रस्तुत किया था, जिसे सम्बन्धित विद्यालय से सत्यापन कराने पर पाया गया कि उक्त प्रमाण पत्र फर्जी है, जिसके लिए उक्त कर्मचारी के विरूद्ध दीर्घ दण्ड की कार्यवाही की अनुशंसा की गयी ।



एक इच्छा से कुछ नही बदलता, एक निर्णय से थोड़ा कुछ बदलता है परन्तु एक निश्चय सब कुछ बदल देता है।

– चाणक्य

वेतन निर्धारण नियमानुसार न किया जाना

विष्णु प्रसाद
मुसतानि/लेखा

वेतन निर्धारण को संज्ञान में लेकर पूर्वोत्तर रेलवे के एक मंडल कार्यालय में सतर्कता निवारक जॉच की गयी, जिसमें पाया गया कि ट्रैक मेन्टेनरो के पदोन्नति ट्रैकमेन्टेनर III से ट्रैकमेन्टेनर II में किया गया था, एवं वेतन निर्धारण उनके विकल्प के आधार पर किया गया था जिसमें वार्षिक वेतन वृद्धि तिथि 01.07.2019 को वेतन निर्धारण किया गया था तथा अगली वेतन वृद्धि दिनांक 01.01.2020 को दी गई थी, तथा पुनः दिनांक 01.07.2020 को वेतन वृद्धि दे दी गई थी जो नियमानुसार सही नही है। सही वेतन वेतन निर्धारण न करने से कर्मचारियों को अधिभुगतान किया जा रहा था जिससे रेल राजस्व की हानि हो रही थी।

अतः उपरोक्त कृत्य के लिये वेतन निर्धारण करने वाले सम्बन्धित कर्मचारी के विरूद्धअनुशासनिक कार्यवाही की अनुशंसा की गई है, तथा इस मद में कुल अधिभुगतान रू0 2,94,184=00 की कटौती सुनिश्चित करायी गयी।



Happiness is when what you think, what you say, and what you do are in harmony.

- Mahatma Gandhi

Being ignorant is not so much a shame as being unwilling to learn.

- Benjamin Franklin

खराब गुणवत्ता वाली सामग्री का लेखांकन

राकेश कुमार सिंह
मुसतानि/भंडार

पूर्वोत्तर रेलवे के एक यूनिट में भंडार विभाग के मुख्यालय के द्वारा जारी किये गये कयादेश के अनुपालन में आपूर्ति किये गये लगभग 05 लाख मूल्य के Foundry Coke की गुणवत्ता को लेकर एक सतर्कता निवारक जांच की गयी जिसमें यह पाया गया कि उपयोगकर्ता द्वारा एक ऐसे सामग्री को सुयोग्य किया गया था जिसकी गुणवत्ता ठीक नहीं थी और उपयोगकर्ता के रिपोर्ट के आधार पर एक खराब गुणवत्ता वालें सामग्री का लेखांकन कर लिया गया तथा प्रतिष्ठान को एक खराब गुणवत्ता वाले सामग्री की आपूर्ति के लिए कुल रु0 499565/– का भुगतान भी कर दिया गया। सतर्कता जांच के दौरान पुन: Foundry Coke की गुणवत्ता जांच कराया गया जिसमें Foundry Coke को मानक के अनुरुप नहीं पाया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर Foundry Coke का रिजेक्शन जारी किया पाया गया एवं प्रतिष्ठान के पेडिंग बिल से कुल रु0 499565/– की रिकवरी भी करायी गयी। उपरोक्त लापरवाही के लिए उपयोग कर्ता विभाग के एक सीनियर सेक्शन इंजी0 को अनुशासनिक कार्यवाही की अनुशंसा भी सतर्कता विभाग द्वारा की गयी है।



BREAK THE CORRUPTION CHAIN

व्यक्ति से जुड़ी तमाम धन–सम्पत्तियों में
कोई भी चरित्र से ज्यादा मूल्यवान नहीं है।

आरक्षित मदों के वेन्डर डायरेक्ट्री की समीक्षा

राकेश कुमार सिंह
मुसतानि/भंडार

एक परिवाद की सतर्कता जॉच में यह पाया गया कि पूर्वोत्तर रेलवे के एक भंडार इकाई द्वारा एक ICF आरक्षित मद के लिए खुली निविदा आमंत्रित की गयी थी। निविदा के Eligibility Condition से यह स्पष्ट था कि मात्र ICF द्वारा आरक्षित प्रतिष्ठान ही पूरी टेन्डरित मात्रा के हकदार होंगे। जॉच में L1 प्रतिष्ठान को टेन्डरित मद के लिए किसी भी एजेन्सी /पी0 एस0 यू0 से आरक्षित नहीं पाया गया। टेन्डर कमेटी द्वारा टेन्डर के Eligibility Condition का पालन करते हुए L1 प्रतिष्ठान के पक्ष में उनके Credential को देखते हुए टेन्डरित मात्रा के 20 प्रतिशत का L.O.A. डेवलेपमेंटल आर्डर के रुप में जारी किया पाया गया। जांच में टेन्डरित मद को पूर्व में RCF द्वारा आरक्षित पाया गया तथा उस समय L1 प्रतिष्ठान उक्त मद के लिये RCF द्वारा आरक्षित पायी गयी तथा L1 प्रतिष्ठान के पक्ष में उस समय टेन्डरित मद के आपूर्ति से सम्बन्धित सारे Credential उपलब्ध पाये गये। वर्तमान में उक्त मद को RCF द्वारा अपने Vendor Directory से हटा दिया पाया गया तथा उक्त मद को ही वर्तमान में ICF द्वारा अपने Vendor Directory में जोडा पाया गया। जांच में ICF द्वारा Approved दोनों ही प्रतिष्ठानों द्वारा समान दर आफर किया पाया गया तथा टेन्डर कमेटी द्वारा रेलवे बोर्ड के जारी दिशा निर्देशों के अनुसार ही ICF की Approved and valid Vendor Directory में शामिल प्रतिष्ठानों को समान दर आफर करने के कारण 80 प्रतिशत टेन्डरित मात्रा को 50:50 के अनुपात में दोनों प्रतिष्ठानों के पक्ष में स्वीकृति प्रदान दी पायी गयी। जांच में L1 प्रतिश्ठान तथा ICF की आरक्षित प्रतिष्ठानों द्वारा दिये गये दरों में लगभग 20 प्रतिशत का अन्तर पाया गया। उपरोक्त मद के लिए ICF/Chennai द्वारा मात्र 02 प्रतिष्ठानों को ही अपनें Vendor Directory के माध्यम से आरक्षित किया पाया गया है और दोनों ही प्रतिष्ठान चेन्नई की पायी गयी। इस टेन्डर की जांच में यह देखा गया कि टेन्डरित मद की आपूर्ति के लिए और भी प्रतिष्ठान सक्षम हैं जो पूर्व में RCF/Kapurthala द्वारा आरक्षित थे और जिन्होनें कई रेलों में उक्त मद को कम दरों में सफलतापूर्वक आपूर्ति भी किया है। इसलिए इस सम्बन्ध में ICF/Chennai को उपरोक्त टेन्डरित मद के लिए आरक्षित वेन्डरों की संख्या को समीक्षा किये जाने के लिए पत्र लिखा गया जिसे ICF/Chennai द्वारा संज्ञान में लेते हुए समीक्षा किये जाने की प्रक्रिया की जा रही है जिससे रेल राजस्व की बचत हो सकती है।

The Best Brains of the Nation may be
found on the last benches of the classroom.

- APJ Abdul Kalam

राईट्स द्वारा सामग्री के निरीक्षण में लापरवाही

विनोद चन्द्र यादव
मुसतानि/भंडार

पूर्वोत्तर रेलवे के एक यूनिट में भंडार विभाग द्वारा जारी किये गये क्रयादेश के अनुपालन में आपूर्ति किये गये Door Lock की गुणवत्ता की जांच को लेकर एक सतर्कता निवारक जांच की गयी। क्रयादेश की शर्त के अनुसार उक्त सामग्री पूर्व निरीक्षित थी । सतर्कता जांच के दौरान Door Lock की गुणवत्ता की पुनः जांच कराया गया जिसमें Door Lock को मानक के अनुरुप नही पाया गया। सतर्कता जांच में पाया गया कि निरीक्षण ऐजेन्सी के निरीक्षण इंजिनियर द्वारा खराब गुणवत्ता वाले सामग्री को सुयोग्य कर निरीक्षण प्रमाण पत्र जारी किया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर उक्त मद का रिजेक्शन किया गया एवं प्रतिष्ठान से भुगतान किये गये धनराशी की रिकवरी कराया गया। उपरोक्त लापरवाही के लिए निरीक्षण इंजिनियर के विरुद्व अनुशासनात्मक कार्यवाही किया गया।



You cannot change your future, but you can change your habits, and surely your habits will change your future.

- APJ Abdul Kalam

एक ही मांगपत्र पर दो अलग-अलग क्रयादेश जारी होना

विनोद चन्द्र यादव
मुसतानि/भंडार

पूर्वोत्तर रेलवे के एक यूनिट में जेंम पोर्टल पर जारी किये जा रहे क्रयादेशो को संज्ञान में लेकर एक सतर्कता निवारक जांच किया गया। सतर्कता जांच में मांगपत्र बनाने से लेकर जेंम पोर्टल पर कयादेश जारी करने में अपनायी गयी प्रकियाओं की जांच किया गया जांच में पाया गया कि एक ही मांगपत्र के समान मद के लिये जेंम पोर्टल पर दो बार अलग–अलग बिड जारी किया गया और दोनो निविदा में मांगपत्र की मद के लिए दो अलग–अलग फर्मो के पक्ष में जेंम कान्ट्रैक्ट जारी किया गया। सतर्कता जांच के रिपोर्ट के आधार पर जेंम कान्ट्रैक्ट को निरस्त किया गया। उपरोक्त लापरवाही के लिए प्रशासनिक कार्यवाही की अनुशंसा किया गया ।

भ्रष्टाचार को दोनों ही बढ़ावा देते है,
घूस लेने वाले भी और घूस देने वाले भी

लेजर में फेर बदल एवं बैक डेट मे डाटा पोस्टिगं

सत्येन्द्र नाथ सिंह
मुसतानि/भंडार

पूर्वोत्तर रेलवे के एक यूनिट में मशीनो के अनुरक्षण/मरम्मत के लिए स्टाक किये गये सामग्रीयों के भंडारण और रखरखाव को संज्ञान में लेकर एक सतर्कता निवारक जांच किया गया। जांच में स्टांक किये गये कुछ मदो का उनके लेजर बैंलेन्स के अनुसार ग्राउन्ड बैलेन्स का मिलान किया गया । जांच में कुछ मदो के लेजर बैंलेन्स के अनुसार ग्राउन्ड बैलेन्स में अन्तर पाया गया। स्टोर प्रभारी के स्पष्टीकरण के दौरान यह पाया गया कि सामग्रीयो के लेखांकन के लिए बनाये गये डी0एम0टी0आर0 रजिस्टर में कमांक में फोर्जरी किया गया पाया गया। सामग्रीयो को बैक डेट में इशू किया गया। उपरोक्त अनियमितता के लिए सी0से0 इंजी0/स्टोर एवं सी0से0इंजी0/प्रभारी के विरुद्व अनुशासनिक कार्यवाही की अनुशंसा किया गया ।

देश के विकास दर को है बढ़ाना।
भ्रष्टाचार को जड़ से होगा मिटाना।।

आरक्षण कार्यालय में की गयी सतर्कता निवारक जाँच

इन्द्रजीत गुप्ता
मुसतानि/यातायात

एक स्रोत सूचना के आधार पर एक स्टेशन (a) के पीआरएस कार्यालय में "नान एसी तत्काल ओपेनिंग के समय की गयी, एक औचक निवारक जांच के क्रम में यह तथ्य प्रकाश में आया कि आरक्षण कार्यालय में पीआरएस काउन्टर के अतिरिक्त एक एडिशनल पीआरएस काउन्टर को हाल में ही यात्रियों की डिमांड को देखते हुए बुकिंग कार्यालय में संचालित करवाया गया था ।उक्त एडिशनल पीआरएस काउन्टर एक यूनीफाइड काउन्टर था और उक्त काउन्टर पर पूर्व में यूटीएस टिकट जारी किये जाते थे, इसलिए जांच के समय यह पाया गया कि उक्त काउन्टर अनारक्षित बुकिंग से सम्बन्धित कक्ष से संचालित किया जा रहा था। काउन्टर के बाहर संचालित किये जाने से सम्बन्धित समय आदि नहीं दर्शाया गया था। काउन्टर पर बाहर विशिष्ट काउन्टर दर्शाया गया था, जिसका फायदा उठाकर उक्त काउन्टर पर कार्यरत लिपिक के द्वारा अन्दर से अपने कुछ खास लोगों के टिकट, बिना किसी आवेदक की उपस्थिति में बनाकर टिकट पर छपे किराये से अधिक की वसूली अपने निजी स्वार्थपूर्ति में किया गया था। जांच के समय कार्यालय में बने शौचालय के अन्दर झरोखे में तीन आरक्षित टिकट एवं कुछ धनराशि को आपस में मोडकर छिपाया गया था, जिसमें आरक्षण मांग –पत्र पर अंकित मोबाइल सं0 पर सम्पर्क करके यात्रियों को बुलाया गया, जिससे टिकट पर छपे मूल्य से अधिक मूल्य वसूलते हुए और बिना आवेदक के टिकट बनाये जाने की पुष्टि हुयी।

अन्वेषण के क्रम में दिनांक 09.02.2022 से 05.03.2022 की अवधि में तत्काल कोटे में बनाये गये टिकटों के विवरण (statement) को सम्बन्धित सिस्टम से निकलवाया गया और साथ ही स्टेशन से सम्बन्धित आरक्षण मांग–पत्रों का मिलान करने पर पाया गया कि कुछ आरक्षित टिकटों के आरक्षण मांग–पत्र भौतिक रूप से उपलब्ध नहीं थे, इसके अलावा कुछ आरक्षित टिकटों को जारी करने में अन्य प्रकार की अनियमितताये पायी गयीं जैसे आरक्षण मांग–पत्र के डिमान्ड के अनुसार टिकट का न बनाया जाना और यात्रियों की संख्या को बाद में जोडा जाना आदि।

उपरोक्त अनियमितताओं के आलोक में टिकट बुकिंग के कार्य में गंभीर अनियमितताओं में संलिप्त आरक्षण लिपिक के विरूद्ध दीर्घ दण्ड आरोप पत्र एवं अन्य तीन वाणिज्य कर्मचारियों (वाणिज्य अधीक्षक समेत) के विरूद्ध लघु दण्ड आरोप –पत्र तथा साथ ही मण्डल वाणिज्य निरीक्षक को कान्सलिंग किये जाने की अनुशंसा की गयी है।

"The biggest disease is corruption-
The vaccine is transparency-"

स्थान शुल्क में पायी गयी अनियमितता

सुनील कुमार सिंह
मुसतानि/यातायात

सतर्कता संगठन को वाराणसीमंडल के स्टेशन पर स्थान शुल्क की सूचना प्राप्त होने के क्रम में एक औचक सतर्कता जाँच किया गया। जाँच के क्रम में निम्नलिखित अनियमितताएँ पायी गयी :–

I- सतर्कता दल जब स्टेशन के गुड्स साइडिंग में पहुँचाते देखा गया की साइडिंग में लगभग 40 वैगनों का बैलास्ट पड़ा हुआ था जिसे जे.सी. बी एवं डम्पर से हटाया जा रहा था।

II- गुड्स शेड ग्रुप III में वर्गीकृत है अर्थात माल रिमूवल हेतु फ्री टाइम की अवधि 72 घंटे है। गुड्स शेड में अनुरक्षित अभिलेखों से ज्ञात हुआ कि कार्यरत स्टेशन अधीक्षक द्वारा साइडिंग में पड़े सम्पूर्ण माल का रिमूवल सतर्कता जाँच तिथि से 3 दिन पूर्व ही प्रोक्सी लोकेशन पर मेमोके माध्यम से TMS पर अंकित करा दिया गया था।

III- उक्त के सम्बन्ध में मंडल द्वारा मंडल वाणिज्य निरीक्षक से सूचना मांगी गयी थी तो उनके द्वारा गुड्स साइडिंग की ऐसी फोटो मंडल को भेजी गई जिसमे रिमूवल कार्य होता हुआ नहीं दिख रहा था तथा साइडिंग के वह स्थान जहाँ रिमूवल कार्य संपन्न हो चुका हो वहा की फोटो भेजा। अतः यह स्पष्ट करना चाहे कि सम्पूर्ण माल का परिदान दिया जा चुका है। इस प्रकार मंडल वाणिज्य निरीक्षक द्वारा भी बिना मौके पर गये जान बूझकर भ्रामक फोटो मंडल को भेजकर गुमराह करने का प्रयास किया गया।

IV- तत्पश्चात सम्बंधित स्टेशन अधीक्षक एवं मंडल वाणिज्य निरीक्षक को साइडिंग में पड़े हुए माल के रिमूवल की तत्काल मॉनिटरिंग हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण माल का रिमूवल जांच तिथि के 02 दिनो उपरांत हो सका। इस प्रकार गणना के अनुसार कुल स्थान शुल्क रुपये 1,28,756/– सृजित हुआ जिसे पार्टी से त्वरित जमा कराया गया। उक्त से स्पष्ट है कि यदि सतर्कता जाँच नहीं हुई होती तो अवश्य ही स्थान शुल्क की चोरी कर रुपये 1,28,756/– के रेल राजस्व की हानि कारित की गयी होती।

V- सतर्कता जांच के फलस्वरूप उक्त अनियमितता के लिए सम्बंधित स्टेशन अधीक्षक के विरुद्ध दीर्घ दंड एवं खंड के मंडल वाणिज्य निरीक्षक को उनकी पर्यवेक्षकीय विफलता हेतु लघु दंड की अनुशंसा की गयी।

प्रशासन में जब हो प्रौधोगिकी का सहारा,
भ्रष्टाचारी हो जायेगा तब खुद ही बेसहारा ।

सरकारी धन के अस्थायी दुर्विनियोग के सम्बन्ध में

रमन सिंह
मुसतानि/यातायात

भारतीय रेलवे वाणिज्य नियमावली भाग –I के पैरा 554 एवं उक्त के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा जारी वाणिज्य परिपत्र संख्या 54/2000 तथा 53/2012 में टिकट जांच कर्मचारियों द्वारा सरकारी धन जमा किये जाने सम्बंधित नियम स्पष्ट रूप से वर्णित है। उक्त नियमों के अनुसार टिकट जांच कर्मचारियों को सरकारी धन ड्यूटी समाप्ति उपरांत अविलम्ब रेल राजस्व में जमा कर देना चाहिए। प्राय: सतर्कता संगठन द्वारा की गयी सतर्कता निवारक जांचों में यह पाया जाता है कि टिकट जाँच कर्मचारियो द्वारा सरकारी धन ड्यूटी समाप्ति उपरांत अविलम्ब रेल राजस्व में जमा करने के स्थान पर सरकारी धन का अस्थायी दुर्विनियोग कर स्वहित में प्रयोग किया जाता है। उपरोक्त तथ्य के आलोक में वाराणसी मंडल के एक टी0सी0 कार्यालय में सतर्कता दल द्वारा सभी कार्यरत टिकट जांच कर्मचारियों के सरकारी धन प्रेषण की औचक जांच की गयी। जाँच के क्रम में निम्न अनियमितता पायी गयी :–

I- सरकारी धन प्रेषण की जांच में पाया गया की टी0 सी0 कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी द्वारा 07 दिनों का कुल सरकारी धन रुपये 80100/– जाँच तिथि तक जमा नहीं किया गया है, जबकि नियमानुसार सरकारी धन को ड्यूटी समाप्ति उपरान्त अविलम्ब रेल राजस्व में जमा कर दिया जाना चाहिए।

II- टी0सी0 कार्यालय में अनुरक्षित आय पंजिका में उक्त कर्मचारी द्वारा पिछले 07 दिनों का सरकारी धन जमा किये जाने के सापेक्ष छद्म मनी रसीद संख्या भी अंकित कर दी गयी थी, जिसके संबंध में पूछे जाने पर उस कर्मचारी ने स्वीकार किया कि उसने ऐसा इसलिए किया गया ताकि उसके द्वारा किया जा रहा सरकारी धन का अस्थायी दुर्विनियोग किसी जाँच एजेंसी द्वारा प्रथम दृष्टया पकड़ा नहीं जा सके।

III- पूछताछ में उक्त कर्मचारी ने यह भी स्वीकार किया कि कालांतर में जब उसके द्वारा सरकारी धन रेल राजस्व में जमा कर दिया जाता था तो छद्म मनी रसीद संख्या के स्थान पर वास्तविक मनी रसीद संख्या अंकित कर दी जाती थी।

IV- आय पंजिका की जाँच में पाया गया कि पूर्व की तिथियों में भी उक्त कर्मचारी द्वारा मनी रसीद संख्या पर सफेदा (Whitener) लगाकर ओवर–राइटिंग करके पिछले एक माह से लगातार सरकारी धन 7 से 8 दिनों के विलम्ब से जमा कर सरकारी धन का अस्थायी दुर्विनियोग किया गया था।

V- जाँच में यह भी पाया गया की टी0 सी0 कार्यालय में कार्यरत पर्यवेक्षक द्वारा भी उक्त कर्मचारी द्वारा किये जा रहे सरकारी धन के अस्थायी दुर्विनियोग को संज्ञान में नहीं लिया गया तथा पिछले माह के EFT Return को बिना जाँचे ही लेखा कार्यालय भेज दिया गया।

सतर्कता जांच के फलस्वरूप उक्त कर्मचारी के विरुद्ध दीर्घ दंड एवं पर्यवेक्षकीय विफलता हेतु उसके पर्यवेक्षक तथा मंडल वाणिज्य निरीक्षक के विरुद्ध क्रमश: लघु दंड एवं लिखित चेतावनी की अनुशंसा की गयी।

डिकॉय जांच

अनादि प्रताप सिंह
मुसतानि/यातायात

सतर्कता संगठन को विश्वस्त सूत्रों से यह सूचना प्राप्त हो रही थी की गाडी सं "क" में कार्यरत गार्डों द्वारा बेटिकट यात्रियों से अवैध वसूली करके उनको ब्रेकवान या उससे सटे अनारक्षित कोचों में अनियमित रूप से यात्रा कराई जा रही है। प्राप्त सूचना की सत्यता की पुष्टि करने हेतु सतर्कता दल द्वारा डिकॉय जांच की योजना बनाई गई। सभी सर्व संबंधितों के उपस्थिति में एक संयुक्त नोट बनाया गया जिसमें डिकॉय यात्री को सरकारी धन देकर उन्हें गाडी सं "क" में ब्रेकवान से सटे अनारक्षित कोच में जाकर बैठने को निर्देशित किया गया। उनसे यह भी बताया गया कि गाडी में कार्यरत गार्ड द्वारा यदि उनसे टिकट इत्यादि के बारे में पूछा जाता है तो उनसे बिना टिकट आगे के किसी स्टेशन तक यात्रा करने के लिए बताएंगे तथा किसी धनराशि की मांग करने पर उनके पास संयुक्त नोट में वर्णित सरकारी नोटों में से गिन कर देंगे। प्रत्यक्षदर्शी वाहको यह बताया गया कि वह डिकॉय के पीछे इस प्रकार से खड़े रहेंगे कि डिकॉय एवं कार्यरत गार्ड के बीच हो रही बातचीत एवं लेनदेन को सही प्रकार से देख एवं सुन सकेंगे एवं कार्यरत गार्ड द्वारा डिकॉय यात्री से धन प्राप्त कर लेने के पश्चात थोड़ी दूर पर खड़े अन्य सतर्कता निरीक्षकों को विशेष संकेत से अवगत कराएँगे जिससे की आगे की कार्यवाही पूरी की जा सके।

गाड़ी के एक स्टेशन के प्लेटफार्म पर खड़ी होने के उपरांत कार्यरत गार्ड द्वारा डिकॉय यात्री से यह पूछने पर कि कहाँ तक जाना है, डिकॉय यात्री ने उक्त स्टेशन से अन्य स्टेशन तक बिना टिकट जाने की बात कही जिस के एवज में गार्ड द्वारा डिकॉय यात्री से रू 150 की मांग की गई। डिकॉय यात्री ने संयुक्त नोट में वर्णित नोटो में से धन निकाल कर गार्ड को दिए। इस पूरे घटना क्रम के पूर्ण साक्षी प्रत्यक्षदर्शी गवाह एवं स्वतंत्र गवाह भी थे। प्रत्यक्षदर्शी गवाह द्वारा पूर्वनियोजित संकेत से सतर्कता दल को सूचित किया गया जिसके उपरांत सतर्कता दल द्वारा गाडी के ब्रेक वान में प्रवेश किया गया तथा कार्यरत गार्ड की अभिरक्षा में निजी धन राशि की जांच करने पर उनके निजी धन में रू410 की वृद्धि पाई गई। इस प्रकार उनके निजी धन में पायी गई वृद्धि रू 410 में से रू 150 Decoy यात्री द्वारा दिए गए थे जिसे बरामद कर सर्व संबंधितों के समक्ष लिफाफे में बंद करके उसे सील कर दिया गया। शेष बढे हुए रु 260 को EFT के माध्यम से रेल राजस्व में जमा करा दिया गया। सम्मुखीकरण के दौरान कार्यरत गार्ड ने अपनी गलती स्वीकार कर कहा कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा। जांच के क्रम में ही ब्रेकवान से सटे GS कोच में दो अन्य अनियमित यात्री भी मिले जिन्होंने बताया कि स्टेशन "ख" से स्टेशन "ग" तक यात्रा करने की एवज में कार्यरत गार्ड द्वारा रू 50 प्रत्येक से वसूल कर लिया गया। सतर्कता दल द्वारा दोनों बिना टिकट यात्रियों को भी नियमानुसार नियमित कराया गया।

उक्त केस में आरोपित कर्मचारी को दीर्घदंड की अनुशंसा की गई है।

कोई ऐसा कार्य न करें जिसे आप पकड़े जाने पर न करना चाहें।

चल टिकट परीक्षकों की डियूटी में पाई गई अनियमितता

ओम प्रकाश सिंह
मुसतानि/यातायात

पूर्वोत्तर रेलवे के एक स्टेशन पर चल टिकट परीक्षकों की डियूटी के संबंध में एक सतर्कता जाँच के क्रम में कई अनियमिततायें पाई गई, जिनका विवरण निम्नवत है–

1. चल टिकट परीक्षक (A) और (B) द्वारा डियूटी प्रारम्भ करने से पूर्व दैनिक संचलन पंजिका में साइन आउट और साइन इन एवं निजी धन राशि घोषित नहीं किया गया था।

2. उक्त के संबंध में चल टिकट परीक्षकों (A) और (B) द्वारा बताया गया कि दैनिक संचलन पंजिका में 'भूलवश' साइन आउट और साइनइन एवं निजी धनराशि घोषित नही किया गया है। साथ ही उक्त चल टिकट परीक्षकों (A) और (B) द्वारा अक्सर अपना निजी धन राशि EFT में घोषित नहीं किया जाता था।

3. उपरोक्त के संबंध में उनके इंचार्ज द्वारा केवल (A) और (B)को मौखिक रुप से ही चेतावनी दी गई, लेकिन उनके द्वारा उक्त कर्मचारियों के अपकृत्य के संबंध में अपने किसी संबंधित अधिकारी गण को कोई पत्र नहीं दिया गया था। उपरोक्त से पत्र सं0सी/442/सतर्कता/टीसी/2014/पार्ट II दिनांक 05.11.2020 (उपमुवाप्र/एफएम कार्यालय से जारी) का उल्लंघन हुआ। जिससे उनकी पर्यवेक्षकीय विफलता स्पष्ट हुई।

4. चल टिकट परीक्षक (A)के द्वारा बताया गया कि उनका तथा चल टिकट परीक्षक (B) का मूव मेन्ट एक जैसा ही रहता था, इस लिए वह अपना TTE–12 नहीं बनाये थे और उसके द्वारा चल टिकट परीक्षक (B) के TTE–12 की छाया प्रति को, चल टिकट परीक्षक (B) के हस्ताक्षर पर अपना हस्ताक्षर कर, प्रस्तुत किया गया था।

5. चल टिकट परीक्षक (A) के द्वारा अपना यात्रा भत्ता जर्नल एवं मूवमेन्ट DTS–73, चल टिकट परीक्षक (B) के TTE–12 को देख कर भरा जाता था, जिसका कारण (A) ने बताया कि उन्हें TTE–12 Issue नहीं किया गया था। उक्त के संबंध में इंचार्ज ने बताया कि जैसे ही उनके कर्मचारियों के द्वारा अपने EFT के समाप्त होने पर दूसरे EFT की मांग की जाती है, तब उन्हें नई EFT उन के कार्यालय से जारी कर दी जाती है। यदि चल टिकट परीक्षक (A) के द्वारा उनसे TTE–12 की मांग की होती, तो अवश्य ही उनको उपलब्ध करा दिया गया होता। इस प्रकार इस बात की पुष्टि होती है कि चल टिकट परीक्षक (A) अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाह एवं उदासीन थें।

6. उक्त चल टिकट परीक्षकों के इंचार्ज द्वारा उनके यात्रा भत्ता जर्नल को केवल उनके Movement (DTS73) के आधार पर ही, बिना DMR पंजिका, SIGN OUT/IN पंजिका एव TTE–12 से क्रास चेक किए ही, प्रमाणित कर दिया जाता था जो उनके भी कर्तव्य के प्रति लापरवाही को स्पष्ट करता है।

7. उक्त चल टिकट परीक्षकों द्वारा कभी–कभी अपने मुख्यालय के बाहर रहने पर भी अपना–अपना सरकारी धनराशि अपने मुख्यालय में जमा किया जाना पाया गया। उक्त चल टिकट परीक्षकों के द्वारा सरकारी धनराशि हमेशा विलंब से जमा किया गया था, जोकि IRCM Vol-I Part I पैरा 554 का स्पष्ट उल्लंघन है।

8. एक माह के मस्टर रोल की जांच में पाया गया कि एक चल टिकट परीक्षक (A) के द्वारा अपना हस्ताक्षर लगातार कुछ दिनों तक किया ही नहीं गया था और दूसरे चल टिकट परीक्षक (B) के द्वारा अपना हस्ताक्षर करने के बाद, उक्त

चल टिकट परीक्षक (A) के कालम में भी आपसी मिली भगत से अपना ही स्वंय (B) का हस्ताक्षर किया गया और उक्त विषय में उनके इंचार्ज द्वारा बताया गया कि मंडल कार्यालय को भेजे गये मस्टर रोल पर उक्त चल टिकट परीक्षकों द्वारा ही उपरोक्त तिथियों में हस्ताक्षर किया गया था। उनके इंचार्ज का कथन संदेहास्पद पाया गया क्योंकि उपरोक्त तिथियों में उक्त चल टिकट परीक्षक द्वारा मस्टर रोल पर हस्ताक्षर करना एवं मस्टर शीट (स्टेशन रिकार्ड) पर हस्ताक्षर नहीं करने से यह स्पष्ट होता है कि उक्त चल टिकट परीक्षकों के द्वारा उपरोक्त तिथियों में मस्टर रोल पर हस्ताक्षर नहीं किया गया था बल्कि कालान्तर में किया गया था। इस प्रकार उनके इंचार्ज का यह कथन, कि वह उक्त गलती पर ध्यान नहीं दे पाये, अमान्य पाया गया।

9. जाँच में पायी गयी उपरोक्त विभिन्न अनियमितताओं के लिये संबंधित तीन कर्मचारियों के विरुद्ध दीर्घदण्ड आरोप पत्र जारी करने की अनुशंसा की गयी है।



क्रोध के उन्माद में नही होता है समस्या
का समाधान।
किन्तु शांत चित्त हर समस्या का
हल ढूंढ सकता है।।
– चाणक्य

लीज होल्डर द्वारा की गई अनियमितता

संत कुमार
मुसतानि/यातायात

एक स्रोत सूचना प्राप्त हुई कि एक स्टेशन A पर X गाड़ी के फ्रंट लीज एस.एल.आर. में अनुमेय सीमा 3.9 टन से अधिक माल लोड कर रेल राजस्व की क्षति के साथ संरक्षा को भी प्रभावित किया जा रहा है। X गाड़ी के A स्टेशन पर आगमन उपरांत लीज एस.एल.आर. में लोड पैकेजों की अनलोडिंग करायी गयी एवं उस का पुनः तौल कराया गया। जिसका अनुमेय सीमा के अंदर ही पाया गया। मैनिफेस्ट से ज्ञात हुआ कि उक्त लीज एस.एल.आर. में B स्टेशन और C स्टेशन के भी पैकेज थे। जिसके अनुक्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशन B पर उतारे गए पैकेजों का पुनः तौल कराया गया एवं स्टेशन C जो पूर्व मध्य रेलवे का स्टेशन था, उन पैकेजों की पुनः तौल करने हेतु पूर्व मध्य रेलवे के सतर्कता संगठन के साथ समन्वय स्थापित किया गया। पूर्व मध्य रेलवे सतर्कता संगठन द्वारा गाड़ी के स्टेशन C पर पहुंचने के उपरांत लीज एस.एल.आर. के पैकैजो को उतार लिया जाना था परन्तु सतर्कता दल को दिग्भ्रमित करने हेतु लीज होल्डर ने जानबूझ कर कुछ पैकेजों को उतार कर शेष पैकेजों को Overcarry करा दिया गया ताकि Punitive overcharge से बचा जा सके। परन्त पूर्व मध्य रेलवे सतर्कता दल के समन्वय से गाड़ी की मॉनिटरिंग गंतव्य स्टेशन तक करायी गयी एवं लीज होल्डर द्वारा एस.एल.आर. में छोड़े गए शेष पैकेजों की अनलोडिंग गाड़ी के गंतब्य स्टेशन D पर करा कर पुनः तौल कराया गया। उपरोक्त अनुसार स्टेशन A, B, C एवं D पर पुनः तौल के उपरांत लीज होल्डर द्वारा लीज एस.एल.आर. में अनुमेय 3.9 टन के स्थान 5.042 टन माल लोड किया जाना पाया। अर्थात 1142 kg- वजन अनुमेय सीमा से अधिक पाया गया। इस प्रकार त्वरित कार्यवाही एवं आवश्यक समन्वय स्थापित किये जाने के फलस्वरूप लीज होल्डर अपने दूषित मंतव्य में सफल नहीं हो सका एवं अनुमेय सीमा से अधिक वजन का दंडात्मक प्रभार रूपए 36320 वसूल कर रेल राजस्व में जमा कराया गया। लीज होल्डर के विरुद्ध आवश्यक दंडात्मक कार्यवाही की अनुशंसा की गयी।

यदि आप वास्तव में अपना जीवन
बदलना चाहते हैं तो
हर दिन अपनी कमियों को दूर करने
का प्रयास करे।

– स्वामी विवेकानन्द

"Hard work never brings fatigue.
It brings satisfaction"

- Narendra modi

मांगकर्ता द्वारा निरीक्षण में अनियमितता के संबंध में

आलोक कुमार त्रिपाठी
मुसतानि/सिग. एवंदू.सं

पूर्वोत्तर रेलवे के एक स्टेशन पर Class A lightning devices की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य की सतर्कता निवारक जांच में यह पाया गया कि कार्य योजना में अंकन के अनुसार Class A lightning devices का तकनिकी विवरण NFC 17–102 के अनुसार होने चाहिए थे तथा RDSO द्वारा आरक्षित प्रतिष्ठान से लिये जाने चाहिए थे। इसके अतिरिक्त उपकरणों की स्थापना भी OEM के प्रतिनिधि द्वारा की जानी चाहिए थी। अद्यतन जांच में यह पाया गया कि उक्त मद हेतु RDSO द्वारा आरक्षित प्रतिष्ठान उपलब्ध नही है। कार्यदायी संस्था के OEM होने अथवा OEM का अधिकृत प्रतिनिधि होने के संबंध में कोई प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ। संबंधित मान्ग कर्ता के पास Class A lightning device हेतु कोई वारंटी सर्टिफिकेट तथा टेस्ट सर्टिफिकेट प्राप्त नहीं हुआ जिससे यह ज्ञात हो सके कि आपूर्ति किया गया मद NFC 17–102 के अनुसार है तथा कार्य योजना में अंकित delta Tof 60 microseconds की शर्त को पूर्ण करता है। Maintenance free earth से सम्बंधित मदों का भी कोई टेस्ट सर्टिफिकेट प्राप्त नहीं हुआ जबकि RDSO Specification में उल्लिखित Adherence of coating Test, Bending test, Tensile strength test इत्यादि किसी मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में ही किया जाना संभव है। उक्त मदों का निरीक्षण मान्ग कर्ता द्वारा किया जाना था किन्तु उनके द्वारा उपकरणों का भौतिक निरिक्षण भी नहीं किया गया जब कि मान्गकर्ता के द्वारा निरीक्षण किये जाने से संबंधित प्रारूप सतर्कता विभाग द्वारा अनुशंसित है तथा सिगनल एवं दूर संचार विभाग द्वारा जारी किया जा चुका था। मदों की आपूर्ति सीधे स्थापना स्थल पर ही किया गया था तथा मान्ग कर्ता द्वारा बिना निरीक्षण तथा बिना उचित प्रपत्रों के ही मात्र स्थापना की सूचना के आधार पर निरिक्षण प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया था, जो अनुचित था।

उपरोक्त अनियमितताओं के दृष्टिगत सतर्कता विभाग द्वारा Class A lightning devices के तकनिकी विवरण में सुधार किये जाने हेतु पद्धति सुधार की अनुशंसा किया गया तथा सतर्कता विभाग की संस्तुति पर विभाग द्वारा जिम्मेदार रेल कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई।

यदि आप समाधान का हिस्सा नहीं हैं
तो फिर आप समस्या है।

भ्रष्टाचारी के पैसों का भोग पूरा परिवार करता है,
मगर पापों का हिसाब केवल भ्रष्टाचारी को
देना पड़ता है।

टेलिकॉम AMC के भुगतान में अनियमितता

अनूप कुमार
मुसतानि/सिग.

पूर्वोत्तर रेलवे के एक मंडल में एक स्टेशन पर स्थापित दूरसंचार विभाग से सम्बन्धित यात्री सुविधा उपकरणो के रख रखाव के लिए किये गए वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (AMC) के कार्य शीलता को संज्ञान में लेकर सतर्कता जांच किया गया। जांच मे स्टेशन पर लगे सभी उपकरण कार्यरत पाये गये। स्टेशन पर स्थापित यात्री सुविधा से सम्बन्धित दूर संचार उपकरण (AMC के द्वारा अनुरक्षित) का अनुरक्षण तथा विफलताओं को ठीक करने का कार्य वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (AMC) के नियम एवं शर्तो के अंतर्गत Proper चल रहा हैं। फर्म के स्टाफ द्वारा प्रत्येक तीन महीने के अन्दर (लगभग प्रत्ये कमहीने) विजिट भी किया गया था। AMC के द्वारा अनुरक्षित दूरसंचार उपकरणों की विफलता होने पर सम्बन्धित रजिस्टर में विफलता दर्ज कर ठीक किया जा रहा है। विफलता निर्धारित समय में ठीक न होने की दशा में Penalty की कटौती भी की जार ही थी। कोरोना महामारी के वजह से यात्री ट्रेनों का परिचालन बंद होने के कारण मण्डल द्वारा AMC को 05 Month (01.07.2020 से 30.11.2020) के लिए ब्रेक कर दिया गया था, जिसका भुगतान के समय कटौती भी की गई है। परन्तु प्रथम बिल (CC–I) में LED TV की संख्या 30 के अनुरक्षण का भुगतान किया गया है। जबकि द्वितीय बिल (CC–II) में एक SSE/Tele द्वारा बताया गया है कि मंडल में 24 अदद LED TV का अनुरक्षण कार्य फर्म द्वारा किया जा रहा है। जिसके कारण 06 No- LED TV dk AMC Charge की कटौती द्वितीय बिल (CC–II) में किया गया है। जबकि फर्म द्वारा AMC के तहत मंडल में मात्र 22 अदद LED TV का अनुरक्षण कार्य किया जा रहा था। द्वितीय बिल (CC–II) के अवधि के दौरान 02 No- LED TV कुछ कारण वश हटा दिया गया था। जिसकी प्रविष्टि AMC Register में दर्ज़ थी। इस कारण बिल CC&III & CC&IV में 20 No- LED TV dk AMC Charge का भुगतान कियागया है। SSE/Tele द्वारा बिल CC–II में 02 No- LED TV के 07 माह का AMC Charge की कटौती की गई है। जबकि AMC Register में दर्ज़ प्रविष्टि के अनुसार यह 10 माह की कटौती की जानी चाहिए थी। इस AMC के Schedule में 02 No- MLDB के अनुरक्षण का प्रावधान किया गया था। प्रथम एवं द्वितीय बिल में 02 No-MLDB का ही भुगतान किया गया था। परन्तु तृतीय बिल (CC–III) में Item MLDB का SSE/Tele@Field तथा SSE/Tele/PL के लापरवाही के कारण 03 No- MLDB का भुगतान हो गया है। इस कारण लगभग रू 86000/– का ज्यादा भुगतान हो गया। इसके अतिरिक्त बिल CC–I – CC–II में LED TV (08 No- & 2 No-) के AMC चार्ज का ज्यादा भुगतान हो गया है। जिसकी कटौती अगल बिल से करने के लिए मंडल को पत्र लिखा गया है। यह AMC दो महीने बाद समाप्त हो रही थी। अगर सतर्कता जांच नहीं होती तो इस अतिरिक्त भुगतान की Recovery कभी नहीं हो पाती। जिम्मेदार दोनो SSE/Tele के विरुद्ध सतर्कता विभाग द्वारा कठोर लघु दण्ड की अनुशंसा की गई है।

******

मनुष्य कर्मों से महान होता है,
जन्म से नहीं।
– चाणक्य

अनुबंधित चिकित्सालय को अतरिक्त भुगतान

नीरज कुमार श्रीवास्तव
मुसतानि/चिकित्सा

एक सतर्कता जाँच के क्रम में एक अनुबंधित चिकित्सालय के बिलों की जाँच की गयी। इस क्रम में दिनांक 01.06.21 से 31.10.21 तक के 05 पेशेंट्स के बिलों की जाँच की गयी, जिनमे से 04 बिलों में मुख्यत: दो अनियमितताओं, एक कि कर्मचारियों/सेवानिवृत्तकर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के रेफर लेटर पर यह अंकित न किया जाना कि वह अनुबंधित चिकित्सालय में किस वार्ड के हक़दार हैं तथा इसी क्रम में हॉस्पिटल के बिलो में वार्ड हेतु अधिक चार्ज का भुगतान किया जाना तथा दूसरा ICU/CCU में कार्डियक मॉनिटर चार्ज शामिल होने के बाद भी अलग से कार्डियक मॉनिटर चार्ज बिलों पर जोड़ा जाना एवं भुगतान किया जाना, के कारण उक्त अनुबंधित चिकित्सालय को लगभग रु 22,112.50/– का अधिक भुगतान किया गया था। सिर्फ 04 बिलों पर इतना अधिक भुगतान पाए जाने पर सतर्कता विभाग द्वारा इस प्रकार के बिलों की समीक्षा किये जाने हेतु चिकित्सा विभाग को पत्र लिखा गया था, जिस पर चिकित्सा विभाग द्वारा दिसंबर–2018 से मार्च–2021 तक के बिलों की समीक्षा की गयी तथा इस अनुबंधित चिकित्सालय को भुगतान हुए रु 2,24,151.50/– के पुष्टि की गयी, जिसकी रिकवरी इस अनुबंधित चिकित्सालय के बिलों से की जा रही है। उक्त अनुबंधित बिलों की जाँच में कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के रेफर लेटर पर जिस हॉस्पिटल वार्ड (Gen-/Semi-private/private) के वे हक़दार हैं अंकित न होने एवं वार्ड के अनुसार बेड चार्ज का भुगतान न किये जाने तथा ICU/CCU में अनुबंधित चिकित्सालय द्वारा कार्डियक मॉनिटर अलग से जोड़े जाने को संज्ञान में न लिए जाने की अनियमितता के दृष्टिगत प्राथमिक स्तर पर बिलों की जाँच करने वाले कार्याधी/ क्लर्क के विरुद्ध अनुशासनिक कार्य वाही की अनुशंसा की गयी है।



गंभीर रोगों से पीड़ित रोगियों के लिए औषधियों की आपूर्ति

नीरज कुमार श्रीवास्तव
मुसतानि/चिकित्सा

एक सतर्कता जांच के दौरान यह पाया गया कि रेलवे स्वास्थ्य इकाई में पंजीकृत एक सेवा निवृत्त रेलवे कर्मचारी को कुछ दवाएं आपूर्ति नहीं की जा रही थीं। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त स्वास्थ्य इकाई द्वारा कई बार मंडल चिकित्सालय से उपरोक्त दवाओं की मांग की गई थी, लेकिन मंडल चिकित्सालय के दवा भंडार में ये दवाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण मंडल से दवाओं की आपूर्ति नहीं की जा रही थी. उक्त रेलवे स्वास्थ्य इकाई भी अग्रदाय राशि की कमी के कारण उक्त सेवा निवृत्त रेलकर्मचारी के लिए इन दवाओं को खरीदने में असमर्थ थी। उक्त सेवा निवृत्त रेलवे कर्मचारी 'विघटित हृदय गति रुकने' से पीड़ित था और पहले ही मंडलीय अस्पताल जाने में असमर्थता व्यक्त कर चुका था। अत: उपरोक्त परिस्थितियों में यह पाया गया कि सेवा निवृत्त रेल कर्मचारी को कुछ दवाएं केवल इसलिए स्थानीय खरीद के माध्यम से आपूर्ति नहीं की जा रही थी, क्योंकि वह मंडल चिकित्सालय से दूर एक स्वास्थ्य इकाई के अधिकार क्षेत्र में रह रहे थे।

उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुए सतर्कता विभाग द्वारा यह सुझाव दिया गया कि सेवा निवृत्त रेल कर्मचारियों या ऐसे गंभीर रोगों से पीड़ित रोगियों के लिए अलग से मांग पत्र तैयार किया जाए , जो सतर्कता विभाग द्वारा से दूर स्वास्थ्य इकाइयों के पास रहते हैं और नियमित दवाएं लेते हैं. रेलवे की स्वास्थ्य इकाई पुरानी बीमारियों से पीड़ित मरीजों के उक्त मांग पत्र को मंडलीय अस्पतालों में भेजने की व्यवस्था करेगी और सतर्कता विभाग द्वारा उक्त मांग पत्र की सभी दवाए उपलब्ध कराएगा। साथ ही यदि उक्त मांग पत्र की कोई दवा मंडल चिकित्सालयों के दवा भंडार में उपलब्ध नहीं है तो मंडल चिकित्सालय को संबंधित मरीज के नाम से स्थानीय खरीद/थोक खरीदकर दवा उपलब्ध कराना होगा। उपरोक्त प्रकार की स्थानीय खरीद के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज संबंधित स्वास्थ्य इकाई से दवा मांग पत्र के साथ मांगे जा सकते हैं ताकि स्वास्थ्य इकाइयों के दायरे में आने वाले रोगियों, विशेष रूप से मधुमेह और हृदय रोग के रोगियों को आवश्यक दवाएं बिना किसी देरी के उनकी स्वास्थ्य इकाइयों में ही प्राप्त हो सके।

इस प्रणाली में सुधार से स्वास्थ्य इकाइयों के पुराने गंभीर रोगों से पीड़ित रोगियो को भविष्य में स्वयं स्वास्थ्य इकाइयों से आवश्यक दवाओं की नियमित आपूर्ति प्राप्त करने में मदद मिलेगी, जो रेलवे स्वास्थ्य सेवाओं के लाभार्थी के रूप में उनका अधिकार है।

****

तर्क किये बिना किसी भी बात को आँख मूंद कर
मान लेना भी एक प्रकार की गुलामी है।
– भगत सिंह

AMC में पेनाल्टी क्लॉज का गैर कार्यान्वयन

अनूप कुमार
मुसतानि/सिग. एवं दू.सं.

यात्री सुविधा उपकरणों के लिए किये गए AMC की सतर्कता जांच के दौरान, यह पाया गया कि Schedule में " जुर्माने की अवधि के लिए ठेकेदार को कोई AMC शुल्क का भुगतान नहीं किया जाएगा" का प्रावधान है। जांच के दौरान पाया गया कि इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। विजिलेंस जांच के बाद संभाग द्वारा दंड अवधि में AMC शुल्क की कटौती इस परिच्छेद के अनुसार प्रारंभ की गई है। उपरोक्त पैरा के अनुसार, न केवल विफलता के लिए जुर्माना लगाया जाएगा बल्कि विफलता अवधि के लिए रख रखाव के लिए कोई भुगतान भी नहीं दिया जाएगा। यह विफलता को जल्द से जल्द ठीक करने के लिए फर्म पर वित्तीय दबाव डालेगा। उपरोक्त खंड रेलवे राजस्व में रिसाव को भी रोकेगा।

उपरोक्त के मद्देनजर, सतर्कता विभाग द्वारा यह सलाह दी गई थी कि सभी प्रकार के उपकरणों के रख रखाव/विफलता सुधार के लिए वार्षिक रख रखावअनुबंध (AMC) के पेनाल्टी क्लॉज में, पैरा "जुर्माने की अवधि के में विफल उपकरणों के AMC शुल्क का भुगतान ठेकेदार को नहीं किया जाएगा।" भी लगाया जाना चाहिए।

******



यह सत्ता नहीं भय है जो भ्रष्ट बनाता है, सत्ता खोने का
भय उन्हें सताता है जिनके हाथ में ये होती है
और सत्ता से दण्डित होने का भय उन्हें भ्रष्ट
बनाता है जो इसके अधीन होते हैं .

कोच में पी.यू. पेंटिंग के कार्य में लापरवाही

डी0सी0 यादव
(मुसतानि/यांत्रिक)

एक रेलवे यूनिट में किये जा रहे "PU painting work of coaches" के कार्य को संज्ञान में लेकर की गयी सतर्कता निवारक जांच में निम्न कमियां मिली:–

- जांच के समय पाया गया कि एक यान के PU Painting का कार्य ब्रश द्वारा Manual किया जा रहा था जबकि एक अन्य यान में PU Painting का कार्य Spray painting के माध्यम से किया जा रहा था जबकि RDSO निर्देशानुसार PU Painting का कार्य Spray painting से किया जाना है।
- जांच के समय पाया गया कि POH हेतु आये यानों का PU painting करने का निर्णय लेने हेतु, Incoming के समय Gloss quality के मापन किये जाने का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था। जांच के समय मशीन द्वारा Spray painting हेतु Paint booth, RDSO के गाइड लाइन के अनुसार उपलब्ध नहीं पाया गया।
- जांच के समय एक रेलवे यूनिट वारंटी अवधि में पायी गयी कमियों की निगरानी हेतु कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाया गया।
- जांच के समय यूजर कोचिंग डिपो में PU Painting किये गये यानों की निगरानी हेतु/वारंटी अवधि में पायी गयी कमियों हेतु कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाया गया जिससे फर्म के विरुद्ध पेनाल्टी लगाया जा सके या कमियों को ठीक कराने हेतु संबंधित यूनिट को पत्र लिखा जा सके।

उक्त अनियमितताओं में सुधारात्मक कार्यवाही हेतु संबंधित यूनिट के प्रमुख को सुधारात्मक कार्यवाही हेतु पत्र लिखा गया तथा दोषी रेलवे पर्यवेक्षक के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही हेतु सतर्कता विभाग द्वारा अनुशंसा की गयी।

★★★★★★★★



बाह्य एजेंसी द्वारा कराए जा रहे कॉन्ट्रैक्ट कार्य में लापरवाही

डी0सी0 यादव
(मुसतानि/यांत्रिक)

एक रेलवे यूनिट में बाह्य एजेंसी द्वारा कराए जा रहे कॉन्ट्रैक्ट कार्य "Refurbishment of 156 ICF Coaches" को संज्ञान में लेकर की गयी सतर्कता निवारक जांच में निम्न कमियां मिली :–

- एक कोच जिसमे कि उक्त कार्य कराया गया था को कोचिंग डिपो की वाशिंग पिट पर चेक करने पर पाया गया कि कई जगहों पर PVC Flooring उखड़ा हुआ था तथा टॉयलेट गैलरी में चेकर्ड प्लेट पैर से दबाने पर दब रहा था। कोच के अधिकतर चेयर पिलर कवर में स्क्रू कम पाए गए। कोच में उक्त कार्य 02 माह पूर्व ही कराया गया था, इतने कम समय में उक्त कमियों का मिलना Refurbishment कार्य को गुणवत्तापूर्वक न सम्पादित किया जाना प्रदर्शित करता है।
- यूनिट में जांच के समय फर्म के कुल 22 कर्मचारी कार्यरत पाये गये। सभी कर्मचारी बिना Uniform, Protective gear एवं I-card के पाए गए, जिसकी पेनाल्टी लगाए जाने हेतु दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाया गया और न ही कर्मचारी उपस्थिति पंजिका में उक्ते का विवरण दर्ज पाया गया। फर्म कर्मचारियों का विवरण श्रमिक कल्याण पोर्टल में चेक करने पर केवल 10 कर्मचारियों का विवरण उपलब्ध पाया गया जबकि कर्मचारी उपस्थिति पंजिका में 25 कर्मचारियों का नाम दर्ज किया जाना पाया गया।
- जांच के समय एक रेलवे यूनिट वारंटी अवधि में पायी गयी कमियों की निगरानी हेतु कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाया गया।
- जांच के समय यूजर कोचिंग डिपो में Refurbished Coaches की निगरानी हेतु/वारंटी अवधि में पायी गयी कमियों हेतु कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाया गया जिससे फर्म के विरुद्ध पेनाल्टी लगाया जा सके या कमियों को ठीक कराने हेतु संबंधित यूनिट को पत्र लिखा जा सके।

उक्त वर्णित कमियों के लिए फर्म के खिलाफ के खिलाफ पेनाल्टी लगाने तथा इस प्रकार की लापरवाही की पुनरावृत्ति रोकने हेतु दोषी रेलवे पर्यवेक्षक के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही हेतु सतर्कता विभाग द्वारा अनुशंसा की गयी।

****

हर काम की अपनी एक गरिमा है, और हर काम को अपनी पूरी क्षमता से करने में ही संतोष मिलता है।

– लाल बहादुर शास्त्री

निर्माण संगठन द्वारा किए गए अमानक कार्य संबंधी जाँच

सोमचंद सिंह
(मुसतानि/विधुत)

पूर्वोतर रेलवे निर्माण संगठन/विधुत द्वारा नए बनाए जा रहे प्लेटफार्म के मध्य में ट्रेंच का निर्माण किया जा रहा है ,जिसमें में से विधुत केबल इत्यादी को गुजरा जायेगा। कॉन्ट्रैक्ट डॉक्यूमेंट में ट्रेंच के संबंध में वर्णित स्पेसिफिकेशन के अनुसार ट्रेंच RCC की होनी चाहिए। ट्रेंच की गुणवत्ता मानक के अनुरूप सुनीशित करने हेतु जाँच की गयी। जाँच के दौरान ट्रेंच को तोड़कर चेक किया गया और पाया गया की बनायीं गयी ट्रेंच में सरिए का इस्तेमाल नहीं हुआ है तथा ट्रेंच मानक के अनुरूप नहीं पायी गयी , जबकि अमानक कार्य हेतु फर्म को भुगतान कर दिया गया। जाँच के पश्चात संबंधित पर्यवेक्षकों द्वारा ट्रेच को पुन: RCC का बनवाया गया है। संबंधित रेलवे कर्मियों पर अनुशासनिक कार्यवाही हेतु लिखा गया।

******

लखनऊ मंडल में मास्ट रिकवरी संबंधी जाँच

सोमचंद सिंह
(मुसतानि/विधुत)

पूर्वोतर रेलवे के टी.आर.डी डिपो में सतर्कता जाँच की गयी। जाँच 1 वर्ष पूर्व समाप्त हुए करार के संबंध में की गयी। जांच में पाया गया कि विषयांकित करार से संबंधित कार्य कर रही फर्म को रेलवे भंडार से बड़ी मात्रा में मास्ट एवं अन्य सामग्री लोन के रूप में दी गयी थी। फर्म द्वारा कार्य के अंतिम चरणों में मास्ट एवं अन्य सामग्री सप्लाई की गयी थी और उसका भुगतान भी फर्म को हुआ था परन्तु फर्म को लोन पर दी गयी सामग्री को कार्य की समाप्ति के पश्चात भी फर्म से वापस लेकर रेलवे लेज़र में अंकित नहीं किया गया। जाँच में पाया गया की विषयांकित कार्य में कुल जितने मास्ट एवं अन्य सामग्री फर्म द्वारा सप्लाई किए गए, उतने ही इस्तेमाल हुए। परन्तु रेलवे से लोन पर दिए गए मास्ट आदि को कार्य की समाप्ति के पश्चात वापिस नहीं लिया गया। जाँच के दौरान पाया गया की फर्म द्वारा रेलवे से लोन पर सामग्री प्राप्त कर कार्य करवाया गया एवं कार्य के अंतिम चरण में सामग्री मंगवाई गयी, जिसे सेक्शन में एक स्टेशन के पास रखा गया, परन्तु संबंधित सुपरवाइजर ने फर्म से प्राप्त सामग्रीयों को रेलवे लेज़र में नहीं लिया । जाँच में यह भी पाया गया की फर्म को लोन पर दी गयी सामग्रीयों के संबंध में जो अभिलेख बनाए गए थे उन पर किसी रेलवे प्रतिनिधि के हस्ताक्षर नहीं थे। जाँच के पश्चात 1843176 मूल्य के मास्ट रेलवे लेज़र में लिए गए एवं संबंधित रेलवे कर्मचारियों पर अनुशासनिक कार्यवाही हेतु लिखा गया।

******

कार्यालय एवं अधिकारी विश्रामालय के सर्विस कांट्रैक्ट की सतर्कता जांच

राम मोहन सिंह
(मुसतानि/इंजी0)

- पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर की एक इकाई में स्थित कार्यालय एवं अधिकारी विश्रामालय के साफ–सफाई एवं हाउसकीपिंग हेतु चल रहे सर्विस कॉन्ट्रैक्ट की जांच में पाया गया कि उक्त कार्य हेतु स्वीकृत पत्र दिनांक–31/12/2020 को जारी किया गया परंतु एजेंसी को इस कार्य का भुगतान स्वीकृत पत्र दिनांक–31/12/2020 जारी होने की तिथि से पूर्व दिनांक– 01/12/2020 से दिनांक– 31/12/2020 तक का भी किया गया था एवं भुगतान हेतु बनाई गयी मापी तिथि से ज्ञात हुआ कि एजेंसी से यह कार्य स्वीकृत पत्र दिनांक– 31/12/2020 जारी होने से पूर्व दिनांक–01/12/2020 से कराया जा रहा है।
- उक्त संबंध में संबंधित सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ कार्य ने बताया कि कोई एजेंसी अधिकृत न होने के कारण सक्षम अधिकारी से वार्ता के आधार पर एजेंसी से इस कार्य को प्रारंभ कराया गया, इस कार्य की अवधि के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा पोस्ट फैक्टो अनुमोदन प्रदान किया गया है एवं जाँच में यह संज्ञान में आया है कि इस कार्य का भुगतान रनिंग बिल सीसी में किया गया था जबकि दिनांक–01/12/2020 से 31/12/2020 तक की अवधि का कार्यकारी फर्म के पक्ष में भुगतान के साथ ही दो बिलों के पारित होने के उपरांत उक्त कार्य के अवधि के लिए पोस्ट फैक्टो अनुमोदन दिनांक–08/10/2021 को लिया गया।
- पोस्ट फैक्टो अनुमोदन प्राप्त किए जाने हेतु संबंधित कार्यालय अधीक्षक द्वारा यह नोटिंग प्रस्तुत की गई कि इससे पूर्व एक दूसरी फर्म से यह कार्य एक अनुबंध के अंतर्गत कराया जा रहा था जिसकी वैधता दिनांक–30/11/2020 थी एवं दिनांक– 30/11/2020 के उपरांत नया टेंडर खुला, परंतु जाँच में पाया गया कि कार्यालय अधीक्षक का कथन सही नहीं है कि नया टेंडर दिनांक–30/11/2020 के उपरांत खुला क्योंकि नए फर्म के चयन हेतु ऑफर दिनांक– 20/10/2020 को ही प्राप्त हो चुके थे एवं कार्यालय अधीक्षक ने अपनी नोटिंग में यह भी उल्लेख नहीं किया कि रेलवे बोर्ड द्वारा जारी किन दिशा निर्देशों अथवा MSOP–2018 के किस पैरा के तहत पोस्ट फैक्टो अनुमोदन के लिए उनके द्वारा प्रस्तुत किया गया है।
- यदि उक्त कार्य अत्यंत ही आवश्यक था तब निविदा में दिनांक– 20/10/2020 में प्राप्त ऑफर का निस्तारण दिनांक 01/12/2020 के पूर्व करते हुए फर्म को स्वीकृत पत्र जारी किया जा सकता था।

इस जांच में प्राप्त हुई अनियमितताओं के क्रम में सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ कार्य एवं कार्यालय अधीक्षक के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की गई है।

कोई त्रुटि तर्क–वितर्क करने से सत्य नहीं बन सकती और ना ही कोई सत्य इसलिए त्रुटि बन सकता है क्योंकि कोई उसे देख नहीं रहा।

– महात्मा गांधी

चल टिकट निरीक्षक द्वारा अवैध तरीके से धन वसूली

जैनेन्द्र कुमार भट्ट
(मुसतानि/यातायात)

एक स्रोत सूचना के आधार पर एक चल टिकट निरीक्षक के द्वारा साधारण कोच में सफर कर रहे अनियमित यात्रियों से अवैध वसूली की जा रही है, एवं यात्रियों से पैसा लेकर यात्रियों को EFT या टिकट जारी नही की जा रही है, को दृष्टिगत रखते हुए गाड़ी संख्या 12530 में "देवरिया स्टेशन" से "छपरा स्टेशन" के मध्य एक सतर्कता निवारक जाँच की गयी।

जांच के क्रम में सतर्कता दल गाड़ी संख्या 12530 के कोच संख्या D–10 में बैठा था। गाड़ी के जीरादेई स्टेशन से निकलने के बाद कोच में एक व्यक्ति टिकट जांच करते हुए पाया गया। उक्त व्यक्ति द्वारा न ही कोट पहना गया था और ना ही कोई नेम प्लेट लगाया गया था। जिससे कि इनकी स्पष्ट पहचान न हो सके। सतर्कता दल द्वारा उनके कार्यशैली की निगरानी की जा रही थी, निगरानी के दौरान यह देखा गया कि इनके द्वारा बिना टिकट यात्रियों से लगभग प्रति पैसेंजर रू. 200 लिया जा रहा था तथा उसके बदले यात्रियों को कोई EFT या टिकट जारी नही किया जा रहा था। सतर्कता दल द्वारा अपना परिचय देकर उनका परिचय पूछा गया तो उन्होंने अपना नाम एक्स बताया। उनके निजी एवं सरकारी धन की जांच क्रमशः रूपया 40 तथा रूपया 15, 170 की वृद्धि पाई गई। इस प्रकार कुल अतिरिक्त धन रूपया 15,210 को EFT के माध्यम से रेलवे राजस्व में नियमानुसार जमा कराया गया। कोच संख्या D–10 में यात्रा कर रहे यात्रियों ने भी अपना लिखित बयान में बताया कि चल टिकट निरीक्षक द्वारा प्रति यात्री रू. 200 के अनुसार पैसा लिया गया था लेकिन उसके बदले कोई रसीद या टिकट जारी नही किया गया था ।

अन्वेषण के क्रम में यह ज्ञात हुआ कि चल टिकट निरीक्षक के द्वारा अपनी ड्यूटी DMR में गाड़ी संख्या 12554 में आउट किया गया था एवं उन्हें गोरखपुर से छपरा तक गाड़ी सं. या 12554 में ही कार्य करना था। लेकिन चल टिकट निरीक्षक द्वारा गाड़ी संख्या 12554 को देवरिया में छोड़कर उसी दिशा की दूसरे गाड़ी सं. या 12530 में जाकर अन्मैंड जनरल कोच में बिना यूनिफार्म एवं नेम प्लेट के अनिमियत यात्रियों से अवैध वसूली की जा रही थी।

गाड़ी संख्या 12554 को देवरिया स्टेशन में छोड़कर दूसरी गाड़ी सं. या 12530 में जाकर कार्य करने का आदेश ना ही उनके प्रभारी/उच्च अधिकारी द्वारा दिया गया था एवं न ही चल टिकट निरीक्षक के द्वारा भी इसका सूचना अपने प्रभारी/उच्च अधिकारी को दिया गया था। उक्त चल टिकट निरीक्षक द्वारा इसका अंकन DMR में भी नही किया गया था। उल्लेखनीय है कि उक्त गाड़ी में नान ए.सी. कोच अनमैन्ड था । जिससे यह पुष्ट हुआ कि उनके द्वारा जान बूझकर ऐसी गाड़ी का चुनाव किया गया जिसमें उनकी ड्यूटी निर्धारित ही नही थी ताकि उनके द्वारा यात्रा की एवज में वसूली धनराशि के विरूद्ध रसीद (EFT) न दिए जाने के मामले की शिकायत बाद में किसी के द्वारा किए जाने पर वह कभी पकड़े ना जा सके।

उपरोक्त अनियमितताओं के आलोक में चल टिकट निरीक्षक के विरूद्ध दीर्घ दण्ड आरोप पत्र की अनुशंसा की गयी है।

जोनल अनुबंध कार्यों के भुगतान में अनियमितता

अतुल कुमार श्रीवास्तव
(मुसतानि/इंजी.)

एक जोनल अनुबंध जून 2021में आरपीएफ बैरक, ओल्ड स्टेशन बिल्डिंग एवं जीआरपी पोस्ट, डीजल लाबी, ट्रेन लाइटिंग और पार्सल कार्यालय में प्रस्तावित पेंटिंग का कार्य द्धमद संख्या 1रू प्लास्टिक इमल्शन पेंट कार्य एवं मद संख्या 2रू प्लास्टर अश्वफ़ पेरिस कार्यऋ किये जाने हेतु कार्यादेश बनाया गया परन्तु इस प्रस्तावित कार्य हेतु कोई सर्वे रजिस्टर नहीं बनाया गया ५उक्त कार्यादेश में कार्य कराये जाने के उपरांत संबंधित सीनियर सेक्शन इंजीनियरद्धकार्यऋ द्वारा दोनों मदों का भुगतान किये जाने हेतु मापी पुस्तिका में 6612.17 वर्गमीटर माप चढ़ाते समय कार्य की पूर्ण वास्तविक माप नहीं लिया गया एवं इनके द्वारा मापी पुस्तिका संख्या में यह माप 04 वर्ष पूर्व कराये गए जोनल कार्य जून 2017 के भुगतान हेतु दूसरी मापी पुस्तिका में चढ़ाये गए माप के दो मद क्रमशः मद अः 3342.96 वर्गमीटर एवं मद बः 3269.21 वर्गमीटर के आधार पर दर्ज किया गया जबकि चार वर्ष पूर्व यह माप जोन में व्हाइट वाशिंग (मद अः 3342.96 वर्गमीटर) एवं स्नोसेम (मद बः 3269.21 वर्गमीटर) का कार्य के भुगतान हेतु दर्ज की गयी थी। जोनल कार्य जून 2017 में चढ़ाई गयी यह माप जोनल कार्य जून 2016 में माप चढ़ाये गए दो मद क्रमशः व्हाइट वाश (मद अः 3342.96 वर्गमीटर) एवं स्नोसेम (मद बः 4194.21 वर्गमीटर) के आधार पर ली गयी एवं जोनल कार्य जून 2016 मेंस्नोसेम कार्य की गुणवता उचित नहीं होने के कारण 925 वर्गमीटर मात्रा को काटते हुए मद ब में 3269.21 वर्गमीटर का भुगतान किया गया एवं इसी मात्रा को ही जोनल कार्य जून 2017 एवं जोनल कार्य जून 2021 में लिया गया है। वर्ष 2016 में भी इस कार्य की वास्तविक मापी नहीं की गयी है एवं संबधित कार्यालय में भवनों की कोई मानक मापी पुस्तिका अथवा रिफरेन्स मापी पुस्तिका भी नहीं उपलब्ध थी जिसके आधार पर किये जा रहे भुगतान की वास्तविक पुष्टि हो सके। संबंधित सीनियर सेक्शन इंजीनियरद्धकार्यऋ द्वारा जोनल अनुबंध जून 2021 में इस माप को चढ़ाने के बाद बिना किसी कारण अथवा रिकश्वर्ड मेज़रमेंट को दर्ज किये ही मद संख्या 2 में चढ़ाई गयी मात्रा 3342.96 वर्गमीटर को ओवरराईट करके 3042.00 वर्गमीटर किया गया एवं इसके आधार पर भुगतान किया गया।

इस जांच में प्राप्त अनियमितताओं के संज्ञान में लेते हुए सम्बंधित सीनियर सेक्शन इंजीनियर /कार्य को जिम्मेदारी मानते हुए अनुशासनिक कार्यवाही की गयी है।

****

If someone takes what isn't his,
he must give it back or go to prison.
- Market Aphorism.

बायो-टायलेट अनुबंध कार्य के ए.एम.ओ.सी. में अनियमितताएं एवं सुझाव

आद्या वर्मा
(मुसतानि/यांत्रिक)

पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न कोचिंग डिपो में बाह्य एजेंसी से कराये जा रहे AMOC of Bio&Toilets कार्य की सतर्कता जांच में निम्न अनियमितता पायी गयी :–

- एक कोचिंग डिपो में बाह्य एजेंसी से कराये जा रहे AMOC of Bio &Toilets कार्य के लागत विश्लेषण में पाया गया कि फर्म द्वारा उक्त कार्य में खर्च किये जा रहे कुल मूल्य से लगभग 49% अधिक मूल्य पर टेंडर अवार्ड किया गया है। फर्म द्वारा खर्च की गई लागत की गणना मैनपावर, मशीन एवं मटेरियल पर मासिक व्यय के आधार पर लगाया गया।
- पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न कोचिंग डिपो में AMOC of Bio &Toilets कार्य के schedule rate की तुलना में पाया गया कि AMOC कार्य के विभिन्न Schedule [ट्रिप, मासिक, त्रैमासिक और आई.ओ.एच.] की rate में लगभग 25% से 200% तक का अंतर है।
- विभिन्न कोचिंग डिपो में Bio & Tank के सपोर्टिंग ब्रैकेट की डी.पी.टी. (Dye Penetrant Test) सम्बंधित जानकारी फर्म के कर्मचारियों को नहीं पायी गयी और ना ही इस सम्बन्ध में कोई प्रमाण पत्र (ट्रेनिंग/सक्षमता सर्टिफिकेट) उपलब्धम पाया गया, जबकि बायो टॉयलेट्स का सपोर्टिंग ब्रैकेट एक सेफ्टी मद है।

AMOC of Bio&Toilets कार्य में पायी गयी अनियमितताओं के सुधार के लिए निम्न सुझाव दिया गया :–

- AMOC of Bio &Toilet के कार्य का अनुमान, कार्य में होने वाली वास्तविक लागत को ध्यान में रखते हुए बनाया जाना चाहिए, जिससे निविदा मूल्य में कमी होने के साथ–साथ रेलवे राजस्व की बचत होगी।
- एक ही कार्य के निविदा में प्राप्त ऑफरों पर rate reasonability पर विचार करते समय NER के विभिन्न स्थानों पर उक्त कार्य के संबंध में उपलब्ध rate को संज्ञान में लिए जाने के उपरांत निविदा को finalize किये जाने की आवश्यकता है।
- बायो–टॉयलेट का माउंटिंग ब्रैकेट एक सेफ्टी मद होने के कारण फर्म के कर्मचारियों को प्रशिक्षण के साथ साथ गहन निगरानी की आवश्यकता है, जिससे माउंटिंग ब्रैकेट जोड़ों में किसी भी विसंगति का समय पर पता लगाना संभव हो सके।

****

कठिनाई दूर करने का प्रयत्न ही न हो तो कठिनाई कैसे मिटे, इसे देखते ही हाथ–पैर बाँधकर बैठ जाना और उसे दूर करने का कोई भी प्रयास न करना भी कायरता है।

– सरदार वल्लभ भाई पटेल

सतर्कता विभाग
पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

आजादी का अमृत महोत्सव

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022

भ्रष्टाचार किसी बटन के दबाने से नहीं खत्म होगा !



भ्रष्टाचार के विरूद्ध इस लड़ाई में

हमारा सहयोग करें

यदि कोई रेलकर्मी भ्रष्टाचार में लिप्त है तो

चुप न रहें, आवाज उठायें

अधिक जानकारी के लिए इस QR code को स्कैन करें

सतर्कता हेल्पलाइन

139

पर कॉल करें

सतर्कता विभाग
पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

आजादी का अमृत महोत्सव

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022



ईमानदारी का पलड़ा भारी

भ्रष्टाचार के विरूद्ध इस लड़ाई में

हमारा सहयोग करें

यदि कोई रेलकर्मी भ्रष्टाचार में लिप्त है तो

चुप न रहें, आवाज उठायें

सतर्कता हेल्पलाइन

139

पर कॉल करें

अधिक जानकारी के लिए इस **QR code** को स्कैन करें

सतर्कता विभाग
पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

आजादी का अमृत महोत्सव

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022



अभी भी देर नहीं हुई है

ईमानदारी अपनाओ।
भ्रष्टाचार मिटाओ।

भ्रष्टाचार मुक्त भारत
विकसित भारत

अधिक जानकारी के लिए इस QR code को स्कैन करें

सतर्कता हेल्पलाइन
139
पर कॉल करें

सतर्कता विभाग
पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022

भ्रष्टाचार मुक्त भारत
विकसित भारत



परिवाद हेतु
सतर्कता हेल्पलाइन
139
पर कॉल करें

अधिक जानकारी के लिए इस QR code को स्कैन करें



October 31, 1875 - December 15, 1950

सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म की सालगिरह के अवसर पर किया जाता है।

अस्वीकरण

यह बुकलेट मात्र संकेतिक है, अपने आप में सविस्तृत नहीं। यह, संबंधित विषय पर किसी भी प्रकार से किसी नियम, प्रक्रिया तथा वर्तमान अनुदेशों/मार्गदर्शी सिद्धांतों को प्रतिस्थापित नहीं करता है। इस बुकलेट में उल्लेखित प्रावधान किसी भी प्रकार से किसी भी रेलवे कोड एवं परिपत्रों का, जिनका इसमें हवाला दिया गया है, अतिक्रमण नहीं करता एवं मामलों को सही संदर्भ में समझने के लिए इन्हें अन्य संगत पॉलिसी/सर्कुलर के समायोजन के साथ पढ़ा जाना चाहिए। इस बुकलेट को किसी भी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है एवं जहाँ कहीं आवश्यक हो तो संबंधित विषय से संबद्ध मूल आदेश को ही प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर



– महात्मा गांधी

‘ मैं
स्वतंत्रता
के लिए लड़ा
भ्रष्टाचार मुक्त भारत
के लिए
आप लड़ाई कीजिए ! ’

सतर्कता संगठन, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा प्रकाशित